पौष कृष्ण - 11 | संवत 2080 | वर्ष - 19 | अंक - 163 | पृष्ठ - 8 | रु. 5/- | बेंगलूरु » रविवार » 07-01-2024 | www.dakshinbharat.com | Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 प्रधानमंत्री मोदी ने बदल दी देश की तस्वीर और तकदीर : योगी आदित्यनाथ

6 कैप्टन जिंटू गोगोई: दुश्मन से घिरकर भी रहे बेखौफ, वीरगति से पहले मार गिराए 2 घुसपैठिए

7 राहुल गांधी जहां-जहां जाते हैं कांग्रेस का सफाया कर देते हैं : कैप्टन अभिमन्यु




## फर्स्ट टेक

### चीन के गुब्बारे वायु सुरक्षा के सामने खतरा पैदा कर रहे है : ताइवान

**ताइपे (ताइवान)/एपी।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को चीन पर उत्पीड़न करने और स्वशासित द्वीप पर बार-बार गुब्बारे भेजकर जनता का मनोबल प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया। ताइवान की आधिकारिक सैन्य समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार मंत्रालय ने कहा कि इन गुब्बारों के कारण अंतरराष्ट्रीय यात्री विमानों के सामने गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। मंत्रालय ने विमानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल यह गतिविधि बंद करने का आह्वान किया। खबर में कहा गया है, मंत्रालय (ताइवान की) जनता से आग्रह किया जाता है कि वह चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के वैचारिक युद्ध के तरीकों को स्पष्ट रूप से समझे और तर्कसंगत व शांतिपूर्ण तरीके से इसका सामना करे ताकि इससे प्रभावित होने से बचा जा सके। चीन के सरकारी मीडिया संस्थानों ने ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी और ताइवान तथा अमेरिकी मीडिया पर मामले को तूल देने का आरोप लगाया है। चीन ने इन्हें मौसम संबंधी जानकारी देने वाले गुब्बारे बताया है, जिनसे कोई नुकसान नहीं है।

### उत्तर कोरिया ने एक बार फिर समुद्री सीमा के निकट गोलाबारी की

**सियोल/एपी।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को दक्षिण कोरिया से लगी विवादित समुद्री सीमा के पास एक बार फिर तोपों से गोले दागे हैं। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने कहा कि उत्तर कोरिया ने पश्चिमी समुद्री सीमा के पास 60 से अधिक गोले दागे हैं। इससे एक दिन पहले, उत्तर कोरिया ने क्षेत्र के पास तोपों से लगभग 200 गोले दागे थे, जिसके जवाब में दक्षिण कोरिया ने भी गोलाबारी की थी। 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने कहा कि वह तनाव बढ़ाने वाले कृत्यों को रोकने का उत्तर कोरिया से आग्रह करता है।

#### पश्चिम बंगाल: राशन 'घोटाले' में

## एक और टीएमसी नेता गिरफ्तार, समर्थकों ने किया ईडी टीम पर हमला

**कोलकाता/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में कथित राशन घोटाले के सिलसिले में बनगांव नगर निकाय के पूर्व अध्यक्ष शंकर आद्या को शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, उत्तर 24-परगना जिले के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शंकर को एजेंसी ने उनके और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़ी संपत्तियों पर छापेमारी के बाद बनगांव के सिमुलटोला में उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को छापेमारी कम से कम 17 घंटे तक चली। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के बाद अधिकारी जब शंकर को ले जाने लगे तो उनके (शंकर के) समर्थकों ने अधिकारियों का रास्ता रोकने की कथित तौर पर कोशिश की और उनके वाहनों पर पथराव भी किया।

अधिकारियों ने बताया कि ईडी टीम के साथ मौजूद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को हालात पर काबू पाने के लिए भीड़ पर लाठीचार्ज करना पड़ा। ईडी के एक अधिकारी ने बताया, छापेमारी के साथ-साथ शंकर से पूछताछ भी की जा रही थी। उनका जवाब संतोषजनक नहीं होने के कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा, गिरफ्तारी के बाद महिलाओं के नेतृत्व में शंकर-समर्थकों ने अधिकारियों को उन्हें अपने साथ ले जाने से रोकने की कोशिश की। साथ आए सीआरपीएफ के जवानों ने स्थिति को नियंत्रित किया।

# मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की उस राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है, जो जाति, धर्म और वोट बैंक की राजनीति के इर्द-गिर्द घूमती थी। नड्डा ने हरियाणा के पंचकूला में एक रोड शो किया और विश्वास जताया कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 10 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। नड्डा ने दावा किया, प्रधानमंत्री मोदी ने देश में



राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है, जो पहले जाति और पंथ पर आधारित थी... प्रधानमंत्री मोदी के एक नया संदेश देने तक विभाजनकारी और वोट बैंक की राजनीति लंबे समय तक की जाती रही। रोड शो के रास्ते में पार्टी के झंडे लगाए गए थे और बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने नड्डा के वाहन पर फूल बरसाए।

भाजपा अध्यक्ष ने भीड़ से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि पार्टी 2019 के संसदीय चुनावों के प्रदर्शन को दोहराए और आगामी आम चुनाव में राज्य की सभी 10 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करे।

राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद हरियाणा में रोड शो कर रहे नड्डा ने कहा कि लोगों का उत्साह यह दर्शाता है कि वे देश और राज्य को आगे ले जाना चाहते हैं और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं।

जब उन्होंने पूछा कि हरियाणा की 10 लोकसभा सीट में से भाजपा कितनी सीट जीतेगी, तो भीड़ ने जवाब दिया, दस की दस (सभी 10)।

#### भगवान श्री राम पर 'आपत्तिजनक' टिप्पणी को लेकर

## आव्हाड के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मुंबई/भाषा।** मुंबई पुलिस ने भगवान राम को मांसाहारी बताने वाली टिप्पणी को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार देर रात उपनगर अंधेरी के एमआईडीसी थाने में विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उनके खिलाफ शुक्रवार को पुणे शहर में भी ऐसा ही एक मामला दर्ज किया गया। राकांपा के शरद पवार गुट का हिस्सा आव्हाड ठाणे जिले में मुंब्रा-कलवा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पदाधिकारी गौतम रावरिया की शिकायत पर मुंबई में आव्हाड के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# मैकाले की शिक्षा प्रणाली का मुकाबला करने के लिए 'गुरुकुल' का पुनरुद्धार आवश्यक

### ब्रिटेन ने मैकाले को भारतीय मानस को गुलाम बनाने के लिए भारत भेजा था : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देहरादून/भाषा।** केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि लॉर्ड मैकाले को देश की पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को खत्म करने और लोगों को मानसिक रूप से गुलाम बनाने के लिए भारत भेजा गया था। उन्होंने कहा कि भारतीय मानस पर मैकाले की शिक्षा प्रणाली के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए 'गुरुकुल' का पुनरुद्धार आवश्यक है।

हालांकि, रक्षा मंत्री ने सलाह दी कि शिक्षा के इन केंद्रों को पारंपरिक शिक्षा प्रणाली के साथ 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' और 'क्वांटम



प्रौद्योगिकी' जैसी उभरती प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल बनाना चाहिए।

सिंह ने हरिद्वार में पतंजलि गुरुकुलम के शिलान्यास समारोह में संतों और छात्रों की एक सभा में कहा, मैकाले को भारतीयों के मानस पर कब्जा करके उन्हें मानसिक रूप से गुलाम बनाने के लिए भारत भेजा गया था। भारत की सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत के प्रति मैकाले के उपेक्षापूर्ण रवैये के बारे में बात करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ब्रिटिश अधिकारी ने एक बार एक यूरोपीय पुस्तकालय में एक अलमारी को भारत की सभी सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत से बढ़कर बताया था।

देश में पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली की शुरुआत लॉर्ड मैकाले ने की थी।

सिंह ने कहा, उन्होंने (मैकाले) यह बात उस देश के बारे में कही, जिसने वेद, उपनिषद और गीता की रचना की। सिंह ने कहा, मैकाले की शुरू की गई शिक्षा प्रणाली ने भारतीयों की ऐसी पीढ़ियों को जन्म दिया, जो अपनी संस्कृति और परंपराओं के बारे में हीन भावना लेकर बड़ी हुई। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती और स्वामी दर्शनानंद ने भारत की पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को आगे बढ़ाने और इसके गौरव को बहाल करने के लिए 'गुरुकुल' जैसी संस्थाओं की स्थापना की।

# भारत को 2047 तक शीर्ष पर ले जाने का साधन बनें युवा : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)/भाषा।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के दौरे के दौरान 'एक से श्रेष्ठ' पहल के तहत 500वें शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया और युवाओं से 2047 तक भारत को शीर्ष पर ले जाने के लिए बदलाव का साधन बनने का आह्वान किया।

धनखड़ ने कहा, वर्तमान सरकार के तहत देश में रॉकेट गति से विकास हुआ है और अब भारत को शीर्ष पर लाने की जिम्मेदारी युवाओं, विशेषकर महिलाओं पर है, जिन्हें विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से सशक्त बनाया गया है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला के साथ



मौजूद धनखड़ ने कहा कि इन केंद्रों पर लगभग 10,000 लड़कियों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों में 95 प्रतिशत शिक्षक महिलाएं हैं, जो युवाओं को सशक्त बना रही हैं।

'एक से श्रेष्ठ' गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने और जीवन के सभी क्षेत्रों के छात्रों को समग्र विकास प्रदान करने की एक पहल है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं की छवि अब केवल गृहिणी से परिवर्तन की अग्रदूत के रूप में बदल रही है। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि श्रेष्ठ का अर्थ पूर्णता और प्रेरणा है और कार्यक्रम के माध्यम से बड़ी संख्या में बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक नेक पहल है जिसका उद्देश्य पंचायत स्तर पर आसपास के शिक्षकों के माध्यम से स्कूल के बाद की मुफ्त में कक्षाएं सुनिश्चित करके बच्चों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि को देखे बिना उनका समग्र विकास करना है।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 07-01-2024 6:07 बजे | सूर्योदय 08-01-2024 6:44 बजे |
| BSE 72,026.15 (+178.58) | NSE 21,710.80 (+52.20) |
| सोना 6,571 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 73,894 रु. प्रति किलो |

#### अपने सहयोगी हमास के शीर्ष नेता की हत्या के बाद

## हिज्बुल्ला ने इजराइल पर कई रॉकेट दागे

**बेरूत/एपी।** लेबनान के संगठन हिज्बुल्ला ने इस सप्ताह की शुरुआत में राजधानी बेरूत में अपने सहयोगी समूह हमास के एक शीर्ष नेता की संभवतः इजराइल द्वारा हत्या किए जाने के बाद शुरुआती पलटवार करते हुए शनिवार को उत्तरी इजराइल की ओर दर्जनों रॉकेट दागे। हिज्बुल्ला के नेता सैयद हसन नसरल्ला ने एक दिन पहले कहा था कि उनका समूह हमास के उप राजनीतिक नेता सालेह अरूरी की हत्या के मामले में पलटवार करेगा। नसरल्ला ने कहा था कि अगर हिज्बुल्ला ने अपने गढ़ दक्षिणी बेरूत में अरूरी की हत्या के सिलसिले में पलटवार नहीं किया तो सभी लेबनानी इजराइली हमले का शिकार हो सकते हैं। हिज्बुल्ला ने शनिवार को कहा कि उसने माउंट मेरोन में वायु निगरानी अड्डे की ओर 62 रॉकेट दागे, जो सीधे निशाने पर जाकर लगे। इजराइली सेना ने कहा कि करीब 40 रॉकेट मेरोन इलाके की ओर दागे गए, हालांकि उसने अड्डे का जिक्र नहीं किया। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन 14 सप्ताह से जारी इजराइल-हमास युद्ध को पूरे क्षेत्र में फैलने से रोकने के के मकसद से पश्चिम एशिया की यात्रा पर हैं। ब्लिंकन शनिवार को तुर्किये में हैं।

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### कद की भद

है लोकतंत्र में नहीं खुदा,
कोई भी मंत्री या सांसद।
सब संविधान के हैं अधीन,
सबको है खबर सभी की हद।
करते विरोध जो जायज का,
कुछ वोटों का पा करके मद।
विस्मृत करके वे अपना कद,
उड़वाते हैं खुद की खुद भद।।

# 'इंडिया' के घटक दल विपक्षी गठबंधन में पदों के आवंटन पर 10 से 15 दिन के भीतर लेंगे निर्णय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) में शामिल घटक दलों के नेता गठबंधन में पदों के आवंटन पर 10 से 15 दिन के भीतर निर्णय लेंगे।

खरगे की यह टिप्पणी उन अटकलों के बीच आई है कि गठबंधन लोकसभा चुनाव से पहले एक संयोजक चुन सकता है।

खरगे ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में सीट बंटवारे सहित अन्य सभी मामलों को जल्द ही सुलझा लिया जाएगा।

पार्टी सूत्रों ने संकेत दिया है कि इस महीने के अंत तक इस संबंध में कोई निष्कर्ष निकलने की संभावना है।

खरगे ने कहा कि कांग्रेस सभी 545 लोकसभा क्षेत्रों के




संबंध में काम कर रही है और सभी सीट के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं, लेकिन कौन सी पार्टी किस सीट पर चुनाव लड़ेगी और कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसका फैसला विपक्षी गठबंधन के सभी घटकों के साथ विचार-विमर्श के बाद जल्द ही किया जाएगा।

यह पूछे जाने पर कि पार्टी कितनी सीट पर चुनाव लड़ेगी, उन्होंने कहा, हमने पहले ही सभी निर्वाचन क्षेत्रों के लिए संसदीय पर्यवेक्षकों को पहले ही तय कर लिया है... हम प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में जाकर आकलन करेंगे। उन्होंने कहा, जब विपक्षी गठबंधन में प्रत्येक राज्य को लेकर बातचीत होगी, तो सटीक संख्या सामने आ जाएगी। लेकिन, हम हर जगह अपने प्रयास करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी उम्मीदवार के चयन को लेकर साझेदारों के बीच कोई असहमति होती है तो संसदीय पर्यवेक्षक भी हस्तक्षेप करेंगे।

गठबंधन का संयोजक कौन होगा, इस पर खरगे ने कहा, यह सवाल वैसे ही है जैसे यह पूछना कि 'कौन बनेगा करोड़पति'।

### राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के बारे में फैसला 'बहुत जल्द': खरगे

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि वह 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे या नहीं, इस पर वह ''बहुत जल्द'' फैसला करेंगे। खरगे और पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। कांग्रेस ने पहले कहा था कि समारोह में शामिल होने को लेकर उनके फैसले के बारे में ''सही समय'' पर अवगत कराया जाएगा। उनके अलावा, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है।



# देश में बुनियादी ढांचे में हो रही तेज वृद्धि : हरदीप पुरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पलक्कड़ (केरल)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि देश में बुनियादी ढांचे में तीव्र वृद्धि हो रही है जिसका लाभ गरीबों को मिल रहा है। पुरी ने केरल के उत्तरी जिले पलक्कड़ की वानियमकुलम पंचायत में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का उद्घाटन करने के बाद कहा, केंद्र द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य देश के गरीबों और वंचित वर्गों का कल्याण करना है।

केंद्रीय आवास, शहरी मामले, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास में विश्वस्तरीय मानकों को सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में बुनियादी ढांचे में तेज वृद्धि हो रही है और इसका फायदा गरीबों को हो रहा है।

पुरी ने कहा, देश में वर्ष 2014 में 74 हवाई अड्डे थे, जो अब बढ़कर 150 से अधिक हो गए हैं। रेलवे वंदेभारत जैसी ट्रेनों के जरिये आगे कदम बढ़ा रहा है। इसके अलावा 11 करोड़ से ज्यादा घरों में शौचालय भी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ से अधिक घर बनाए गए हैं और नए मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं।

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरु जी, आप कहते हैं कि गुरु सर्वज्ञ होते हैं किंतु फिर भी, जब तक, हम शिष्य होकर उन्हें अपनी अवस्था, स्थिति, बात या समस्या बताएं नहीं तब तक वे अपनी ओर से समाधान देने का कोई संकेत नहीं करते। ऐसा क्यों? कहीं ऐसा तो नहीं कि गुरुजी को कुछ पता ही नहीं होता, इसीलिए वे प्रश्न सुनने से पूर्व समाधान नहीं देते?

उत्तर: आपकी कही सारी बातें यथार्थ/ सही हैं किंतु, उन्हें देखने का बिंदु यथार्थ/ नहीं है। गुरु की परिभाषा कहती है कि गुरु से परे कोई तत्व नहीं, अस्तित्व नहीं । सर्वभूतस्थ ईश्वर भी गुरु में ही है, उनसे परे नहीं्। इस न्याय/तर्क से हम भी गुरु की दृष्टि में ईश्वर होते हैं और ईश्वर की कोई समस्या नहीं होती, वह स्वयं समाधान हैं हर समस्या का। तो वे समाधान को क्या समाधान देंगे भला? और क्या आवश्यकता है इसकी? इसलिए जब हम स्वयं अपने हृदयस्थ ईश्वर को 'देख' पाते हैं तब हम स्वयं ही समस्या बन जाते हैं। तब हमें ही बताना होगा न कि हम स्वयं को कैसा देख रहे हैं और तब जैसे दर्पण हमें हमारे रूप का प्रतिबिंब दिखाता है वैसे ही वे हमारे यथार्थ स्वरूप की छवि ऐसा कहते हुए दिखा देते हैं कि इसे यहाँ से या ऐसे देखो। हम पुनः जागृत हो स्वयं समाधान हो जाते हैं। आपकी यह बात भी बिलकुल सही है कि गुरु को बिल्कुल कुछ भी पता नहीं होता। कुछ वैसे ही जैसे प्रकाश को अंधकार का और अंधकार को प्रकाश का पता नहीं होता।

# गोयल दो लाख करोड़ डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल करने को लेकर आशान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को उम्मीद जताई कि भू-राजनीतिक बाधाओं और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के बावजूद देश वर्ष 2030 तक दो लाख करोड़ डॉलर निर्यात का अपना महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल कर लेगा। गोयल यहां भारतीय जूट निगम के मुख्यालय 'पटसन भवन' के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। कोलकाता के न्यू टाउन में स्थित इस इमारत में जूट आयुक्त का कार्यालय और राष्ट्रीय जूट बोर्ड का मुख्यालय भी स्थित है।

गोयल ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों को स्वीकार करते हुए कहा कि यूक्रेन-रूस युद्ध, इजराइल-हमास संघर्ष और लाल सागर में संकट की वजह से व्यापार पर असर पड़ रहा है।

गोयल ने कहा, कम खाद्यान्न उत्पादन की समस्या से निपटने और घरेलू मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए हमने कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। हालांकि, इन सभी चुनौतियों के बावजूद भारत का निर्यात बढ़ता रहेगा। वर्ष 2030 तक इसे मौजूदा 770-775 अरब डॉलर से बढ़ाकर दो लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

इस दौरान गोयल ने जूट उद्योग की क्षमता को रेखांकित करते हुए कहा कि जूट क्षेत्र के योगदान और केंद्र एवं राज्य सरकारों के ठोस प्रयासों से देश नई ऊंचाइयां हासिल कर सकता है।

भारत वर्तमान में लगभग 1,500 करोड़ रुपए का जूट निर्यात करता है। उन्होंने उद्योग की कंपनियों से यह आंकड़ा बढ़ाने का आग्रह किया।

## सरकार अधिक उत्पादों को अनिवार्य गुणवत्ता मानकों के तहत लाएगी: गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के क्रम में सरकार अन्य उत्पादों को भी अनिवार्य गुणवत्ता मानकों के दायरे में लेकर आएगी।

गोयल ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 77वें स्थापना दिवस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित करते हुए कहा कि उत्पादों और सेवाओं में उच्च गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करने से भारत को ऊंचा लक्ष्य पाने और एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, इस दिशा में बीआईएस को गुणवत्ता मानकों का दूत बनना चाहिए। इसे केवल मानकों को अपनाने वाला नहीं बनना चाहिए, बल्कि मानकों का अगुवा भी बनना चाहिए। देश को गुणवत्ता के प्रति संवेदनशील बनाने में बीआईएस के प्रयासों को रेखांकित करते हुए गोयल ने कहा कि गुणवत्ता मानदंडों के अनिवार्य अनुपालन के तहत और अधिक उत्पादों को लाने से उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों एवं सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि अभी तक 672 उत्पादों को दायरे में लाने वाले 156 गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए जा चुके हैं। वहीं 2014 से पहले सिर्फ 106 उत्पादों को दायरे में लाने वाले 14 क्यूसीओ ही मौजूद थे। गोयल ने कहा,भविष्य में और अधिक उत्पाद क्यूसीओ के दायरे में लाए जाएंगे। मेरा मानना है कि हम 2,000-2,500 उत्पादों को इस दायरे में लाएंगे। गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता इतनी मजबूत होगी कि भारत में उपलब्ध प्रत्येक उत्पाद/ सेवा उच्च गुणवत्ता वाली होगी।



## फॉर्मूला ई ने हैदराबाद रेस को रद्द कर दिया, तेलंगाना की नई सरकार पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** फॉर्मूला ई ने तेलंगाना की नई सरकार पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए हैदराबाद में होने वाली रेस को रद्द कर दिया है। भारत में होने वाली इस दूसरी फॉर्मूला ई रेस का आयोजन 10 फरवरी को होना था।

फॉर्मूला ई ने नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास विभाग (एमएयूडी) पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाया है। यह विभाग तेलंगाना सरकार के अंतर्गत आते हैं। फॉर्मूला ई ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा, तेलंगाना सरकार के अंतर्गत आने वाले नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास विभाग (एमएयूडी) ने 30 अक्टूबर 2023 को मेजबान शहर के साथ किए गए अनुबंध का पालन नहीं किया जिसके कारण यह रेस रद्द कर दी गई। देश ने पहली इलेक्ट्रिक रेस का आयोजन पिछले साल फरवरी में किया गया था। उस समय तेलंगाना के तत्कालीन मंत्री केटी रामा राव ने हैदराबाद में इस रेस के आयोजन में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी पार्टी को हालांकि दिसंबर में राज्य में हुए चुनाव में कांग्रेस से हार का सामना करना पड़ा था। नई सरकार ने इस रेस के आयोजन में खास दिलचस्पी नहीं दिखाई।

बयान में कहा गया है,''फॉर्मूला ई ऑपरेशंस (एफईओ) के पास एमएयूडी को यह बताने के लिए औपचारिक रूप से नोटिस देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है कि यह अनुबंध का उल्लंघन है। एफईओ अपनी स्थिति पर विचार कर रहा है कि मेजबान शहर समझौते और कानूनों के तहत वह क्या कदम उठा सकता है। इस संबंध में एफईओ के पास सभी अधिकार सुरक्षित हैं।

फॉर्मूला ई, तेलंगाना सरकार और ग्रीनको के बीच शुरू में चार साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। ग्रीनको पहली रेस के बाद इस प्रतियोगिता से हट गया था।

फॉर्मूला ई के सह संस्थापक और मुख्य चैम्पियनशिप अधिकारी अल्बर्टो लोंगो ने कहा, हम भारत में मोटरस्पोर्ट के प्रशंसकों के लिए बेहद निराश हैं। हम जानते हैं कि आधिकारिक मोटरस्पोर्ट विश्व चैम्पियनशिप रेस की मेजबानी करना हैदराबाद और पूरे देश के लिए कितना महत्वपूर्ण था।

## कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने एक साथ चुनाव कराने पर जनता से सुझाव मांगे



**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर गठित समिति ने ''देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव करने के लिए'' जनता से सुझाव मांगे हैं।

उच्चस्तरीय समिति ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर कहा कि 15 जनवरी तक प्राप्त सुझावों पर विचार किया जाएगा। नोटिस में कहा गया है कि सुझाव समिति की वेबसाइट पर दिए जा सकते हैं या ईमेल के जरिए भेजे जा सकते हैं। समिति का गठन पिछले साल सितंबर में किया गया था और तब से इसने दो बैठकें की हैं। इसने हाल में राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर देश में एक साथ चुनाव कराने पर उनके विचार मांगे थे। यह पत्र छह राष्ट्रीय दलों, 22 प्रादेशिक दलों और सात पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को भेजे गए थे। समिति ने एक साथ चुनाव कराने पर विधि आयोग के विचार भी सुने। विधि आयोग को इस मुद्दे पर दोबारा बुलाया जा सकता है। विचारार्थ विषय के अनुसार, समिति का उद्देश्य भारत के संविधान और अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत ''मौजूदा ढांचे को ध्यान में रखते हुए लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर निकायों और पंचायतों के वास्ते एक साथ चुनाव कराने के लिए सिफारिशें करना है और उस उद्देश्य के लिए संविधान, जन प्रतिनिधित्व कानून, 1950, जन प्रतिनिधित्व कानून, 1951 और नियमों तथा अन्य कानूनों में विशेष संशोधनों की सिफारिश करना है जो एक साथ चुनाव कराने के लिए आवश्यक होंगी।

## कारोबारी 1 मार्च से ई-चालान विवरण के बगैर नहीं बना पाएंगे ई-वे बिल

**नई दिल्ली/भाषा।** पांच करोड़ रुपए से अधिक कारोबार वाले व्यवसाय एक मार्च से सभी कारोबारी लेनदेन के लिए ई-चालान दिए बगैर ई-वे बिल जारी नहीं कर पाएंगे।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली के तहत 50,000 रुपए से अधिक कीमत के माल को एक राज्य से दूसरे राज्य ले जाने के लिए ई-वे बिल रखना जरूरी होता है।

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने विश्लेषण के आधार पर पाया है कि ई-चालान के लिए कुछ पात्र करदाता बी2बी (फर्म से फर्म को) और बी2ई (कंपनियों से निर्यातकों को) के लेनदेन के लिए ई-वे बिल ई-चालान से जोड़े बगैर ही बना दे रहे हैं।

इनमें से कुछ मामलों में, ई-वे बिल और ई-चालान के तहत अलग-अलग दर्ज चालान विवरण कुछ मापदंडों में मेल नहीं खा रहे हैं। इससे ई-वे बिल और ई-चालान विवरण के बीच मिलान नहीं हो रहा है।

एनआईसी ने जीएसटी करदाताओं से कहा, ऐसी स्थितियों से बचने के लिए एक मार्च, 2024 से ई-चालान विवरण के बिना ई-वे बिल बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह ई-चालान सक्षम करदाताओं और कारोबारी व निर्यात के तहत आपूर्ति से संबंधित लेनदेन के लिए लागू है।

हालांकि एनआईसी ने यह साफ किया है कि ग्राहकों से या गैर-आपूर्ति वाले अन्य लेनदेन के लिए ई-वे बिल पहले की तरह चलेगा।



## पिछले सालभर में करीब 350 एनसीसी कैडेट नौसेना में अग्निवीर के रूप में शामिल हुए: नौसेना प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने पिछले सालभर में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के 350 से अधिक कैडेट के नौसेना में अग्निवीर के रूप में शामिल होने का दावा करते हुए शनिवार को कहा कि कोर ने ऐसे समर्पित और दृढ़निश्चयी साहसी कैडेट दिए हैं जिन्होंने 'भारत की सेवा में शानदार काम किया है।

यहां एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में एक कार्यक्रम के दौरान कैडेट के एक समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि ''बड़ी संख्या में महिला कैडेट नौसेना में महिला अग्निवीर के रूप में शामिल हुई हैं। यहां दिल्ली छावनी इलाके में 'नेशनल कैडेट कोर आर डी कैंप' में अपने संबोधन से पूर्व नौसेना प्रमुख ने प्रतिभागियों की परेड का निरीक्षण किया, फ्लैग एरिया' गए और कुछ कैडेट के साथ बातचीत की। सरकार द्वारा 2022 में लायी गई अग्निपथ योजना के तहत सशस्त्र बलों के तीनों अंगों में अग्निवीर भर्ती किए जाते हैं। एडमिरल कुमार ने एनसीसी की विरासत तथा मूल्यों की तारीफ की। उन्होंने कहा, हमारे कई उत्कृष्ट अधिकारियों व नाविकों ने एनसीसी कैडेट के रूप में अपनी शुरुआत की थी। पिछले एक साल में करीब 350 एनसीसी कैडेट अग्निवीर के रूप में नौसेना में शामिल हुए हैं। हम आशा कर रहे हैं कि आने वाले वर्षों में और ऐसे कैडेट (नौसेना में) शामिल होंगे। नौसेना प्रमुख ने कहा कि बड़ी संख्या में महिला कैडेट महिला अग्निवीर के रूप में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा, हम आशा करते हैं कि आने वाले वर्षों में और महिला कैडेट 'नव सेना' में शामिल होंगी।

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने वाईएसआरसीपी छोड़ी



**अमरावती/भाषा।** आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी में शामिल होने के दो सप्ताह से भी कम समय बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने पार्टी छोड़ने के अपने फैसले की शनिवार को घोषणा की। रायुडू ने कहा कि वह ''कुछ समय के लिए'' राजनीति से दूर रहना चाहते हैं।

राज्य में विधानसभा और लोकसभा चुनाव से पहले रायुडू ने यह फैसला लिया है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा सबको सूचित किया जाता है कि मैंने वाईएसआरसीपी छोड़ने और कुछ समय के लिए राजनीति से दूर रहने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि वह आने वाल समय में अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में बताएंगे। वह 28 दिसंबर, 2023 को वाईएसआरसीपी के प्रमुख व आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी, उपमुख्यमंत्री के. नारायण स्वामी और राजमपेट से लोकसभा सदस्य पी. मिथुन रेड्डी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए थे।

## ट्रेडमार्क उल्लंघन मामला : उच्चतम न्यायालय के समक्ष व्हिस्की की बोतलें रखी गईं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** व्हिस्की ब्रांड के ट्रेडमार्क के कथित उल्लंघन पर जारी कानूनी लड़ाई के दौरान उच्चतम न्यायालय में उस समय एक असामान्य नजारा देखने को मिला, जब देश की शीर्ष अदालत के सामने शराब की बोतलें रखी गईं।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के गत नवंबर के फैसले के खिलाफ शराब निर्माता कंपनी 'पेरनोड रिकर्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कंपनी 'ब्लेंडर्स प्राइड' और 'इंपीरियल ब्लू' व्हिस्की का उत्पादन और बिक्री करती है।

पेरनोड रिकर्ड ने इंदौर की एक अदालत द्वारा पारित उस आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसने कथित ट्रेडमार्क उल्लंघन मामले में अन्य कंपनी के खिलाफ अस्थायी रोक जारी करने के आवेदन को खारिज कर दिया था। कंपनी ने एक अन्य कंपनी पर अपने ट्रेडमार्क के उपयोग का आरोप लगाया था। पेरनोड रिकर्ड ने आरोप लगाया है कि जेके एंटरप्राइजेज ने उनके ट्रेडमार्क की नकल की है और ट्रेडमार्क 'लंदन प्राइड' के तहत अपनी व्हिस्की का निर्माण और बिक्री कर रही है।

उच्च न्यायालय ने पेरनोड रिकर्ड की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि निचली अदालत ने यह मानने में कोई गलती नहीं की है कि जेके एंटरप्राइजेज के ट्रेडमार्क में याचिकाकर्ता कंपनी के ट्रेडमार्क से कोई समानता नहीं पाई गई। यह मामला शीर्ष अदालत के समक्ष शुक्रवार को सुनवाई के लिए आया। सुनवाई के दौरान पेरनोड रिकर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ को व्हिस्की की बोतलें दिखाईं। उन्होंने पीठ को बताया कि बोतल भी एक जैसी है। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि रोक लगाने के अनुरोध पर नोटिस जारी किया जाए। मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी के लिए सूचीबद्ध की गई।

## वरिष्ठ तेदेपा नेता व सांसद केसिनेनी श्रीनिवास ने इस्तीफा देने की घोषणा की



**अमरावती/भाषा।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के वरिष्ठ नेता और विजयवाड़ा के मौजूदा सांसद केसिनेनी श्रीनिवास ने शनिवार को कहा कि वह लोकसभा की सदस्यता के साथ ही पार्टी से इस्तीफा दे देंगे क्योंकि एन. चंद्रबाबू को अब उनकी जरूरत नहीं है। तेलुगु भाषी राज्यों में केसिनेनी नानी के नाम से पहचाने जाने वाले श्रीनिवास ने कहा कि वह जल्द ही दिल्ली जाएंगे और लोकसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। श्रीनिवास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, चूंकि चंद्रबाबू नायडू को लगता है कि पार्टी को अब मेरी जरूरत नहीं है तो मेरे लिए पार्टी में रहना सही नहीं है। इसलिए, मैं जल्द ही दिल्ली जाऊंगा, लोकसभा अध्यक्ष से मिलूंगा और अपना इस्तीफा दूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के तुरंत बाद तेदेपा से इस्तीफा देंगे। श्रीनिवास (57) पहली बार 2014 में लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे और 2019 में पुन: निर्वाचित हुए।

## ई-कॉमर्स मंच जालसाजों के लिए शरणगाह नहीं बन सकते: दिल्ली उच्च न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि कोई भी ई-कॉमर्स मंच बौद्धिक संपदा का उल्लंघन करने वालों के लिए शरणगाह नहीं बन सकता और जालसाजों के लिए रास्ता नहीं मुहैया करा सकता है।

इसके साथ ही न्यायालय ने कहा है कि ई-कॉमर्स मंचों के व्यावसायिक उद्यम होने से उनका लाभ पर केंद्रित होना स्वाभाविक है लेकिन उन्हें दूसरों के बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) की रक्षा करनी होगी।

न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने अपने एक हालिया आदेश में कहा, ई-कॉमर्स मंच उल्लंघन करने वालों के लिए शरणगाह नहीं बन सकते हैं। इंसान कोई देवदूत नहीं हैं। जहां भी आसानी से पैसा नजर आता है, वहां कभी-कभी जमीर सो जाता है। उन्होंने कहा, ई-कॉमर्स वेबसाइट वाणिज्यिक उद्यम हैं और स्वाभाविक रूप से लाभ पर उनका ध्यान होता है। इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है लेकिन अधिकतम रिटर्न सुनिश्चित करने के साथ ऐसी वेबसाइट को दूसरों के आईपीआर की भी रक्षा करनी होती है। अपने लाभ पर नजर होने से वे ऐसी व्यवस्था बनाते हैं जिसमें उल्लंघनकर्ताओं और जालसाजों को गड़बड़ी का मौका मिल जाता है। ऐसी किसी भी व्यवस्था को सख्त न्यायिक अस्वीकृति का सामना करना होगा। उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी खेल-परिधान ब्रांड प्यूमा एसई के एक मुकदमे के निपटान के दौरान की। इसमें आरोप लगाया गया था कि ई-कॉमर्स मंच इंडियामार्ट का इस्तेमाल विभिन्न विक्रेता अपने नकली सामान की बिक्री के लिए कर रहे थे। इंडियामार्ट ने दलील दी थी कि वेबसाइट पर बिक्री के लिए उपलब्ध उत्पाद से संबंधित जानकारी का वह प्रवर्तक नहीं था। उसने कहा कि किसी जालसाज द्वारा डाली गई सूचना को संज्ञान में लाने पर वह उसे हटाने के लिए तैयार होगा।

## पुलिस कांस्टेबल को थप्पड़ मारने के आरोप में भाजपा विधायक के खिलाफ मामला दर्ज




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे/भाषा।** महाराष्ट्र के पुणे शहर में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस कांस्टेबल को थप्पड़ मारने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को हुई इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इस वीडियो में पुणे छावनी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक सुनील कांबले ने यहां ससून जनरल अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक कांस्टेबल को थप्पड़ मार दिया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि कांस्टेबल द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर कांबले के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल प्रयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ससून जनरल अस्पताल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी मौजूद थे।

वीडियो में कांबले कार्यक्रम के बाद सीढ़ियों से उतरते और रास्ते में आए एक व्यक्ति को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि वह व्यक्ति बंडगार्डन पुलिस थाने से संबद्ध ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल था।

कांबले ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा, मैंने किसी के साथ मारपीट नहीं की। मैं सीढ़ियों से नीचे उतर रहा था तभी रास्ते में कोई आ गया। मैंने उसे धक्का दिया और आगे बढ़ गया।

## 'वाइब्रेंट गुजरात' ने दो दशकों में 55 अरब डॉलर का एफडीआई लाने में मदद की: अधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** गुजरात में निवेश आकर्षित करने के लिए वर्ष 2003 से हर दो साल पर आयोजित होने वाले 'वाइब्रेंट गुजरात' वैश्विक शिखर सम्मेलन के जरिये राज्य को बीते दो दशकों में 55 अरब डॉलर का कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) जुटाने में मदद मिली है।

गुजरात सरकार के अधिकारियों ने कहा कि निवेशक सम्मेलन के आयोजन के साथ सावधानी से बनाई गई रणनीतियों और उनके सुविचारित अमल ने वर्ष 2002 और 2022 के बीच बड़े पैमाने पर एफडीआई जुटाने में मदद की है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य ने पिछले 20 वर्षों में 55 अरब डॉलर का एफडीआई आकर्षित किया है। इसके मुताबिक, वर्ष 2022-23 में गुजरात को 37,059 करोड़ रुपए यानी 4.9 अरब डॉलर का एफडीआई हासिल हुआ। गुजरात के वाहन क्षेत्र में सर्वाधिक 13% एफडीआई हुआ है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह अनुपात सिर्फ 5% है। उद्योग जगत के दिग्गजों का मानना है कि वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक सम्मेलन (वीजीजीएस) राज्य की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ विकसित हुआ और साधारण शुरुआत के बाद से यह राज्य में विदेशी निवेश के लिए प्रवेश द्वार साबित हुआ है। इस निवेशक सम्मेलन का 10वां संस्करण गांधीनगर में 10-12 जनवरी को आयोजित होने जा रहा है जिसका विषय 'भविष्य का प्रवेश-द्वार' रखा गया है। देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी के कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा, बात यह है कि निवेशक विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी होना चाहते हैं। लिहाजा अगर जगह आपके विनिर्माण को घरेलू बाजार और निर्यात बाजार दोनों में प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद करती है तो विनिर्माण में मदद करने के मामले में गुजरात सबसे अच्छा है। गुजरात के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा ने पिछले महीने हैदराबाद में वाइब्रेंट गुजरात रोडशो को संबोधित करते हुए कहा था कि गुजरात की एफडीआई-अनुकूल नीतियों का प्रमाण यह है कि फॉर्च्यून-500 सूची में शामिल कई कंपनियों ने राज्य में निवेश किया है। उन्होंने कहा, देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 282 अरब डॉलर के साथ गुजरात का अंशदान 8.3 प्रतिशत है। राज्य ने 2002 से 2022 तक कुल मिलाकर 55 अरब डॉलर का एफडीआई हासिल किया है। इस सम्मेलन के शुरुआती संस्करणों में कोई भागीदार देश नहीं होता था लेकिन इसके 2019 संस्करण में 15 देश भागीदार बने थे।

## कर्नाटक में तीन उप मुख्यमंत्री के बारे में पार्टी आलाकमान निर्णय करेगा : डी के शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के सहकारी मंत्री के राजन्ना की ओर से राज्य में तीन उप मुख्यमंत्री के लिए वकालत किए जाने के बीच उप मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि इस बारे में पार्टी आलाकमान को निर्णय करना है।

राजन्ना इस बात पर बल देते रहे हैं कि कर्नाटक में एक के बजाय तीन उप मुख्यमंत्री होने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मांग को करने के लिए उन्हें किसी ने सलाह नहीं दी है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''मैंने इस बात को ध्यान में रखते हुए यह बात कही कि तीन उप मुख्यमंत्री होने से लोकसभा चुनाव में मदद मिलेगी। ऐसा नहीं है कि मेरे बयान देते ही ऐसा हो जाए। मैंने पार्टी आलाकमान से मात्र अनुरोध किया है और उनके संज्ञान में इसे लाया हूं। उन्हें ही अंतिम निर्णय करना है।''

राजन्ना ने ध्यान दिलाया कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा के एक से अधिक उप मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा कि यदि कर्नाटक में भी तीन उपमुख्यमंत्री हो तो उचित रहेगा। राजन्ना के सुझाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवकुमार ने कहा, ''केवल आलाकमान ही इस प्रकार के प्रश्नों के उत्तर दे सकता है। मैं उत्तर नहीं दे सकता। यह वह मुद्दा नहीं है जिस पर चर्चा की जाए। संसदीय चुनाव जीतने के लिए सभी को मिलकर काम करना हैं।''



## आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में दिव्यांगजनों की भागीदारी आवश्यक : राज्यपाल गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने कहा कि विकलांग बच्चे और युवा कला, संस्कृति, खेल या किसी अन्य क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने में सक्षम हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा को पहचानना चाहिए और उन्हें खेल, तकनीकी शिक्षा, सांस्कृतिक गतिविधियाँ आदि में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

उन्होंने राष्ट्रीय बहुविकलांगता संगठन (एनईईपीएमडी), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से शहर में आयोजित दिव्य कलाशक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेते हुए यह बात कही। हमारे प्रधान मंत्री डॉ. के कुशल नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास मंत्र को साकार करते हुए। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार, राज्य मंत्री ए. नारायणस्वामी, श्रीमती प्रतिमा भौमिक और रामदास आठवले ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में एक समावेशी समाज के निर्माण और दिव्यांगों को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे सराहनीय कार्यों की सराहना की। दिव्य कला शक्ति एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है जो कला, संगीत, नृत्य, कलाबाजी आदि के क्षेत्र में विकलांग व्यक्तियों की क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक व्यापक और अनूठा मंच प्रदान करता है। इसी श्रृंखला में 11वां दिव्य कला शक्ति कार्यक्रम आज बेंगलूरु, कर्नाटक में आयोजित किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, पाडीचेरी आदि राज्यों के 75 से अधिक कलाकारों ने प्रस्तुति दी। शारीरिक, दृश्य, श्रवण, बौद्धिक, ऑटिज्म जैसी कई विकलांगताओं वाले बच्चों और युवाओं ने अपनी दिव्य कला का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इन कलाकारों को बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री नारायणस्वामी, एनआईईपीएमडी के निदेशक डॉ. नचिकेता राऊत व अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे में चार लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। यहां शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ी दो कारों को एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हादसा बेंगलूरु-पुणे राजमार्ग पर बेलिगट्टी चौराहे पर हुआ। मृतकों में से तीन हासन जिले से और एक व्यक्ति बेंगलूरु का निवासी था।

उन्होंने बताया कि बुरी तरह क्षतिग्रस्त कारों से घायल लोगों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने कहा कि घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## हिंदू कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तार कार सेवक की रिहाई का जश्न मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। कार सेवक श्रीकांत पुजारी को उनकी गिरफ्तारी के नौ दिन बाद शनिवार को कर्नाटक के हुब्बल्ली शहर की जेल से रिहा कर दिया गया, उसके बाद हिंदू कार्यकर्ता उनकी रिहाई का जश्न मनाने के लिए जेल के बाहर बड़ी संख्या में एकत्र हुए। हिंदू कार्यकर्ताओं ने पुजारी को माला पहनाई और 'जय श्रीराम' के नारे लगाए। साथ ही, उन्हें भगवान राम और देवी सीता की तस्वीर भी दी।

गिरफ्तार कार सेवक के स्वागत के लिए हुब्बल्ली-धारवाड़ सेंट्रल निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा विधायक महेश तेंगिनाकाई, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के सदस्य और भाजपा पार्षद जेल के बाहर मौजूद थे।

पुजारी ने कहा कि वह अपनी गिरफ्तारी से विचलित नहीं हैं और राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के जश्न में हिस्सा लेने के लिए 19 जनवरी को अयोध्या जाएंगे। हुब्बल्ली में प्रथम अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान 31 साल पुराने मामले में पुजारी को सशर्त जमानत दी थी।

कर्नाटक भाजपा इकाई ने राज्यभर में विरोध प्रदर्शनों की एक श्रृंखला शुरू की थी और पुजारी की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए उन्हें जेल से तत्काल रिहा करने की मांग करते हुए अभियान शुरू किया था। पुजारी की गिरफ्तारी के बाद कर्नाटक में कांग्रेस सरकार और विपक्षी भाजपा के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया था।

## प्रसिद्ध कन्नड़ लेखिका अमृता सोमेश्वर का निधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। प्रसिद्ध कन्नड़ लेखिका, लोक विद्वान और विचारक अमृता सोमेश्वर का शनिवार को मंगलुरु में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे और वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं से पीड़ित थे। पारिवारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। दक्षिण कन्नड़ जिले के आद्या गांव में जन्मे प्रोफेसर सोमेश्वर ने कन्नड़ के साथ-साथ तुलु के विकास के लिए भी प्रयास किए थे।

उन्हें कर्नाटक साहित्य अकादमी पुरस्कार, के एस हरिदास भट्ट पुरस्कार, जनपद और यक्षगान अकादमी पुरस्कार और कर्नाटक राज्योत्सव पुरस्कार सहित विभिन्न पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया है। सूत्रों ने बताया कि सोमेश्वर ने कन्नड़ और तुलु में कई किताबें लिखी थीं और यक्षगान पर शोध पत्र लिखे थे।

उनके निधन पर शोक जताते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा ''प्रसिद्ध लोक विद्वान, सांस्कृतिक विचारक और प्रिय गुरु प्रोफेसर एस.के. का निधन, अमृत सोमेश्वर कन्नड़ साहित्य जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मैं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।''

## बसों की आमने-सामने से टक्कर, 2 लोगों की मौत और 10 से ज्यादा घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

विजयपुरा। विजयपुरा शहर के पास मदनभवी क्रॉस पर शनिवार को कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की दो बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई।

हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई और 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान बसवाना बागेवाड़ी तालुक के डोनुरा निवासी 36 वर्षीय साजिदा बेगम मकंदर और कलबुर्गी शहर निवासी 31 वर्षीय रोहिणी पंचाला के रूप में की गई।

घायलों में बसों के चालक और यात्री शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक बस विजयपुरा की ओर जा रही थी और दूसरी विजयपुरा से सिंधगी शहर की ओर जा रही थी।

इस घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर तीन किलोमीटर तक जाम लग गया। मामले की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### उत्सव



बागलकोट में शनिवार को अक्का महादेवी महिला कॉलेज की छात्राएं संक्रांति उत्सव मनाती हुईं।

## सबरीमाला तीर्थयात्रियों को कर्नाटक मस्जिद में मिला आश्रय, पूजा की भी अनुमति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोडागु। उत्तरी कर्नाटक के छह हिंदू तीर्थयात्रियों का एक समूह, जो रात के दौरान केरल के सबरीमाला मंदिर पहुंचे थे और वन्यजीवों के हमले के खतरे का सामना कर रहे थे, उन्हें कोडागु जिले में एक मस्जिद के परिसर में रहने की अनुमति मिलने के बाद राहत मिली।

कोडागु जिले के विराजपेट तालुक के एडथरा गांव में लिवाउल हुडा जुम्मा मस्जिद और मदरसा के प्रबंधन और धार्मिक प्रचारकों की हिंदू तीर्थयात्रियों को आश्रय देने के लिए प्रशंसा की जा रही है।

बेलगावी जिले के गोकक के पास एक गांव के हिंदू तीर्थयात्रियों ने बाइक पर सबरीमाला की यात्रा शुरू की। घने जंगल के बीच स्थित एडथारा गांव पहुंचने पर, उन्हें वन्यजीवों, खासकर हाथियों के हमलों के संभावित खतरे के बारे में पता चला। मस्जिद को देखने के बाद, उन्होंने प्रबंधन से उन्हें रहने की अनुमति देने का अनुरोध किया। मस्जिद के अध्यक्ष उस्मान और पदाधिकारी खतीब क़मरुद्दीन अनवारी ने इसके लिए हां करते हुए मस्जिद में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कीं। तीर्थयात्रियों कमलेश गौरी, भीमप्पा सनादी, शिवानंद नवेदी, गंगाधर बडीदे और सिद्दरोड सनादी को मस्जिद के परिसर में पूजा करने की भी अनुमति दी गई।

तीर्थयात्रियों ने मस्जिद में सुबह की प्रार्थना की और मस्जिद प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करने के बाद सबरीमाला के लिए रवाना हो गए। उस्मान ने कहा, हम एडथारा में अपनी मस्जिद में श्रद्धालुओं को, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, सुविधाएं प्रदान करने के लिए तैयार रहते हैं।

इस क्षेत्र में रात के समय हाथियों के हमले का खतरा बना रहता है। जो कोई भी इस रास्ते से गुजरेगा वह मस्जिद में रुक सकता है और हम सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे। सभी देवता एक हैं।

## स्टालिन पर हमें भरोसा है : द्रमुक के हमलों के खिलाफ तमिलनाडु में एकजुट हुआ 'इंडि' गठबंधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भले ही 'इंडि' गठबंधन देश भर में प्रत्येक पार्टी की प्रमुखता के संबंध में कई शुरुआती मुद्दों का सामना कर रहा है, तमिलनाडु में यह स्पष्ट है कि एम.के. स्टालिन बॉस हैं और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की व्यवस्था में सत्तारूढ़ द्रमुक ही अंतिम फैसला लेगा। द्रमुक ने तमिलनाडु में 2019 के लोक सभा चुनावों के बाद से सभी चुनावों में आरामदायक जीत हासिल की है। आगामी 2024 के आम चुनावों के लिए भी वह अच्छी स्थिति में है।

तमिलनाडु में गठबंधन के नेता के रूप में स्टालिन की पार्टी द्रमुक ने पिछले साल लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी थी। स्टालिन ने द्रमुक जिला सचिवों की एक बैठक बुलाई थी और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पूर्णकालिक पार्टी कार्यकर्ताओं को तैनात किया था, जिन्हें प्रत्येक बूथ समिति में समर्पित कार्यकर्ताओं को नियुक्त करने के लिए कहा गया था। तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में द्रमुक के नेता आर सेल्वापांडी ने आईएएनएस को बताया, द्रमुक पूरी तरह तैयार है और हमारे नेता स्टालिन ने पहले ही पार्टी कार्यकर्ताओं और कार्यकर्ताओं से तमिलनाडु की सभी 39 और पड़ोसी पुडुचेरी की एकमात्र सीट – जो वर्तमान में एआईएडीएमके के पास है – जीतने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि बूथ समितियां मार्च 2023 से सक्रिय हैं और प्रत्येक बूथ प्रभारी को मतदाता सूची की सही समझ होनी चाहिए। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाएं और जिन लोगों का निधन हो गया है या जिन्होंने निवास स्थान बदल लिया है उनके नाम सूची से हटा दिए जाएं।

वर्ष 2019 के आम चुनावों में द्रमुक के नेतृत्व वाले फ्रंट सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस (एसपीए) ने 21 सीटों पर चुनाव लड़ा, कांग्रेस ने 10 पर, माकपा, भाकपा और विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) ने दो-दो सीटों पर चुनाव लड़ा। मारुमलारची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके) और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने एक-एक सीट से चुनाव लड़ा। द्रमुक के मोर्चे ने थेनी को छोड़कर सभी सीटों पर जीत हासिल की। थेनी में एसपीए के उम्मीदवार वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री, ईवीकेएस एलंगोवन पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अन्नाद्रमुक नेता ओ पन्नीरसेल्वम के बेटे तथा अन्नाद्रमुक नेता ओपी रवींद्रनाथन से हार गए।

तमिलनाडु में डीएमके के शासन और सभी विधानसभा क्षेत्रों में जमीनी नेटवर्क होने के कारण, कांग्रेस, माकपा, भाकपा, वीसीके, एमडीएमके और आईयूएमएल सहित भारतीय मोर्चे के सहयोगियों को स्टालिन की पार्टी द्वारा अपनाई गई लाइन पर चलना होगा क्योंकि द्रमुक गठबंधन में बड़ा भाई है। तमिलनाडु की राजनीति में, मजबूत द्रविड़ जड़ों वाली पार्टियों को गठबंधन में बोलने का अधिकार होगा और राष्ट्रीय पार्टियों को उनकी पीठ पर सवारी करनी होगी।

### मुलाकात



बेंगलूरु में जातिगत जनगणना रिपोर्ट पर पिछड़े समुदाय के संतों ने शनिवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया से मुलाकात की करते हुए।

## आदित्य-एल1 को हेलो-ऑर्बिट में सफलतापूर्वक स्थापित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को अपने पहले सौर खोज मिशन अंतरिक्ष यान आदित्य-एल1 को लैग्रेंज-एल1 बिंदु पर हेलो कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित करके इतिहास रच दिया। इसरो ने कहा, चार महीने की लंबी यात्रा पूरी करने और 15 लाख किमी की यात्रा करने के बाद, यह आज शाम लगभग 1600 बजे एल1 बिंदु पर पहुंच गया।

इसरो ने कहा है, 'सौर वेधशाला अंतरिक्ष यान, आदित्य-एल1 का हेलो-ऑर्बिट इंसर्शन (एचओआई) 06 जनवरी, 2024 भारतीय समयानुसार (आईएसटी) को लगभग 1600 बजे पूरा किया गया।' सबसे गर्म ग्रह के बाहरी वातावरण का अध्ययन करने की उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया।

इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष यान को हेलो कक्षा में सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज पॉइंट एल1 पर ले जाने के लिए उसमें लगे एमएएम मोटर्स को चालू किया।



अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि भारत का पहला सौर मिशन आदित्य एल1 2 सितंबर, 2023 को प्रक्षेपित होने के 127 दिन बाद 6 जनवरी को एल1 बिंदु पर पहुंच गया। सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली भारतीय अंतरिक्ष आधारित वेधशाला आदित्य-एल1 को 2 सितंबर, 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था।

इसके बाद, आईएसटीआरएसी ने तीन सितंबर से 15 सितंबर के बीच चार पृथ्वी-संबंधी युद्धाभ्यास किए।

इसरो ने कहा 19 सितंबर को आदित्य-एल1 ने ट्रांस-लैग्रेन्जियन एक सम्मिलन युद्धाभ्यास किया, जो एल1 बिंदु के आसपास गंतव्य के लिए अपने 110-दिवसीय प्रक्षेप पथ की शुरुआत का प्रतीक है। एल1 पृथ्वी से लगभग 10 लाख 50 हजार किमी दूर है और पृथ्वी से एल1 की दूरी पृथ्वी-सूर्य की दूरी का लगभग एक प्रतिशत है।

एल1 बिंदु के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा में स्थापित आदित्य-एल1 उपग्रह के साथ यह बिना किसी ग्रहण/ग्रहण के लगातार सूर्य को देख सकेगा। इससे सौर गतिविधियों को लगातार देखने का अधिक लाभ मिलेगा। आदित्य-एल1 विद्युत चुम्बकीय और कण डिटेक्टरों का उपयोग करके प्रकाशमंडल, क्रोमोस्फीयर और सूर्य की सबसे बाहरी परतों (कोरोना) का निरीक्षण करने के लिए सात पेलोड ले जाता है। एल1 के विशेष सुविधाजनक बिंदु का उपयोग करते हुए, चार पेलोड सीधे सूर्य को देखेंगे और शेष तीन पेलोड एल1 पर कणों और क्षेत्रों का यथास्थान अध्ययन करेंगे। इसरो ने कहा कि पांच वर्षों के मिशन जीवन के साथ, आदित्य-एल1 पेलोड से कोरोनल हीटिंग की समस्या को समझने के लिए सबसे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने की उम्मीद है।



# जनसेवा से जुड़ा है अपना विभाग, अधिकारीगण मानवीय दृष्टिकोण से काम कर लाएं क्रांतिकारी बदलाव : गजेन्द्र सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने शनिवार दोपहर को शासन सचिवालय स्थित कक्ष में विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती शुभ्रा सिंह ने उन्हें बधाई दी। कार्यभार ग्रहण के बाद सिंह स्वास्थ्य भवन पहुंचे और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जनसेवा से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण विभाग है। सभी अधिकारी–कार्मिक मानवीय एवं संवेदनशील एप्रोच के साथ काम करते हुए स्वस्थ एवं समृद्ध राजस्थान का संकल्प साकार करें। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर ऐसे प्रयास करें, जिससे प्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच है कि प्रत्येक नागरिक को उसके घर के नजदीक सुगमता से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। हर व्यक्ति को स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो। इसी उद्देश्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग प्रधानमंत्री की भावना के अनुरूप यात्रा को सफल बनाए और आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

गजेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार प्रधानमंत्री मोदी जी के संकल्पों को मूर्त रूप देने की दिशा में प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत योजना, पीएम आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन, आयुष्मान भवः अभियान जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रदेश के नागरिकों को भी इन योजनाओं का समुचित लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सक रोगियों को परिवार का सदस्य मानते हुए उपचार करें। रोगियों एवं परिजनों के साथ सौम्य एवं शालीन व्यवहार रहे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य गांव–ढाणी तक बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध कराना है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों एवं महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले। उन्होंने कहा कि मानव सेवा का इससे बड़ा कोई और माध्यम नहीं है।

बैठक में अति. मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी दी। श्रीमती सिंह ने आश्वस्त किया कि विभाग राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनसेवा के उद्देश्य के साथ समर्पित भाव से दायित्वों का निर्वहन करेगा।

इस अवसर पर राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी की सीईओ श्रीमती शुचि त्यागी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण शिवप्रसाद नकाते, आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक श्रीमती अनुपमा जोरवाल, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी मयंक मनीष, अति. मिशन निदेशक एनएचएम श्रीमती प्रियंका गोस्वामी, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रविप्रकाश माथुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## जयपुर 'रग्स' ने महिला कारीगरों को प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम शुरू किया

जयपुर। कालीन निर्माता 'जयपुर रग्स' ने शनिवार को कहा कि उसने तीन महीने का एक कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत महिला कारीगरों को 3डी 'स्कल्प्चरल' कालीन बनाने सहित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक बयान के अनुसार यह कार्यक्रम 'धुन जयपुर' के साथ 'ट्रेड सॉफ्टली' पहल का हिस्सा है। जयपुर रग्स की डिजाइन निदेशक कविता चौधरी ने कहा, धुन जयपुर' के फागी स्थित परिसर में तीन सप्ताह के लिए आयोजित 'ट्रेड सॉफ्टली' पहल, कारीगरों के लिए एक मंच है। इस कार्यक्रम के दौरान राजस्थान की ग्रामीण महिला कारीगरों को समर्पित स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।' उन्होंने बताया कि तीन समूह में छह बुनकर तीन–तीन सप्ताह के लिए कौशल प्रशिक्षण लेंगे, जिन्हें बाद में उनके उत्पादों को प्रदर्शनी में शामिल किया जाएगा।



# राजस्थान में कड़ाके की सर्दी, कई हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी व कोहरे का दौर जारी है और बीते चौबीस घंटे में कई जगह शीत लहर का प्रकोप देखा गया। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जयपुर स्थित मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार रात को सीकर में न्यूनतम तापमान दो डिग्री और सिरोही में 4.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बीकानेर में छह डिग्री, गंगानगर में 6.5 डिग्री, जैसलमेर में 6.7 डिग्री, राजधानी जयपुर में 7.4 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 7.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।मौसम विभाग के अनुसार बीते चौबीस घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा और कई जगहों पर शीतलहर का अहसास महसूस किया गया। विभाग के अनुसार, पूर्वी राजस्थान में कई जगह शीतलहर दर्ज की गई। राज्य में आठ और जनवरी के दौरान सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से गरज के साथ छींटे और बारिश होने का अनुमान है।

# पिकअप वैन से टकराई कार, चार की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के जैसलमेर में एक तेज रफ्तार कार दो राहगीरों को टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे खड़ी एक वैन से जा टकराई। इस सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कार चालक समेत गाड़ी में कुल चार लोग सवार थे। दुर्घटना से थोड़ी देर पहले ही कार में सवार युवकों में से एक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वाहन में शराब पीते हुए एक वीडियो अपलोड किया था।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना शुक्रवार रात उस समय की है, जब कार जैसलमेर के आकल गांव से बाड़मेर की ओर जा रही थी। पुलिस की एक टीम ने एक नाके पर कार को रोकने की कोशिश की लेकिन उसके चालक ने कार नहीं रोकी। पुलिस ने बताया कि जब कार जैसलमेर के देवीकोट कस्बे में पहुंची तो उसने सड़क पर खड़े दो राहगीरों को टक्कर मारी और फिर सड़क किनारे खड़ी एक पिकअप वैन से जा टकराई।

जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि हादसे में राहगीर मेनकला (34) और उनके बेटे मनीष (13) और कार सवार रोशन खान व भवानी सिंह की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं। अधिकारी ने बताया, 'हादसे के समय कार चालक शराब के नशे में बताया जा रहा है। उसका अस्पताल में इलाज उपचार किया जा रहा है और आज उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।' पुलिस ने बताया कि दुर्घटना से कुछ समय पहले, रोशन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह और उसके दोस्त कार में शराब पी रहे थे।



# योजनाओं के क्रियान्वयन में राशि का समुचित उपयोग किया जाए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पंचायतों के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन में प्राप्त राशि का समुचित उपयोग किया जाये। दिलावर ने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों की मीटिंग ली।

उन्होंने पंचायती राज, स्वच्छ भारत एवं जल संग्रहण की योजनाओं की विस्तृत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता के साथ ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए उसमें ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी हो। स्वच्छ भारत अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में कार्यरत अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मिलकर श्रमदान अवश्य करें। राजस्थान का हर गांव स्वच्छ दिखाई दे।

स्वच्छता के लिए राजस्थान हिन्दुस्तान के टॉप राज्यों की श्रेणी में शामिल हो। उन्होंने प्रत्येक पंचायत समिति में एक आदर्श पंचायत बनाने के बारे में सुझाव दिया। दिलावर ने जल संग्रहण क्षेत्र कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को साकार रूप में लेकर आगे बढ़ाया जाए। हर ग्राम पंचायत के तालाब को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाये।

तालाबों के केचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाने एवं पानी के कटाव को रोकने के लिये प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार एवं पंचायती राज विभाग के आयुक्त रवि जैन ने मंत्री मदन दिलावर को विभाग की कार्यप्रणाली एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## करणपुर विधानसभा सीट पर 81.38 प्रतिशत मतदान

जयपुर। राजस्थान की करणपुर विधानसभा सीट पर कुल 81.38 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। करणपुर विधानसभा सीट के लिए मतदान शुक्रवार को हुआ जहां जबरदस्त सर्दी और कोहरे के बीच मतदाताओं ने उत्साह और उमंग के साथ मतदान किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतगणना के लिये ईवीएम स्ट्रांग रूम व निर्धारित कमरों में 17 टेबल पर मतगणना होगी। राज्य में विधानसभा की 200 में से 199 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान हुआ, जिसका परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किया गया। परिणामों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 115 और कांग्रेस को 69 सीटें मिलीं।

करणपुर गंगानगर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी और तत्कालीन विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। यहां भाजपा की ओर से पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी उम्मीदवार हैं तो कांग्रेस ने कुन्नर के बेटे रुपिंदर सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

## निर्देश



जयपुर में शनिवार को उपमुख्य मंत्री दीया कुमारी ने सचिवालय में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रदेश में निर्माणाधीन सड़कों के संदर्भ में जानकारी ली। इस दौरान सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण पूरा करने के निर्देश भी दिए।

# एंटी गैंगस्टर कार्रवाई : 31 लाख रुपए की लूट के मामले में 50 हजार का इनामी पकड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने कोटा शहर की गुमानपुरा पुलिस के सहयोग से 31 लाख की लूट के मामले में 50 हजार के इनामी बदमाश शाकिर को पकड़ा है। आरोपी शाकिर उर्फ शूटर पुत्र निजामुद्दीन निवासी संजय नगर थाना विज्ञान नगर 6 महीने से फरार चल रहा था। आरोपी को बापर्दा रखा गया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध एवं एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि 21 जून को कोटा शहर के व्यापारी विनय गोयल का कर्मचारी जितेंद्र मेहता रावतभाटा रोड स्थित नीतेश जिंदल की मोबाइल शॉप से 31 लाख रुपए लेकर लौट रहा था। दोपहर करीब 4 बजे टीचर्स कॉलोनी के पास दो बाइक पर आए बदमाश चाकू से हमला कर पैसों से भरा बैग लूट कर भाग गए। पूर्व में घटना के मुख्य सूत्रधार विष्णु प्रजापति और लूट एवं हमले के आरोपी इनायत हुसैन, इरफान अंसारी, साजिद हुसैन उर्फ धीरप और नरेश को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

एडीजी एमएन ने बताया कि टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल मदन लाल शर्मा व कांस्टेबल श्रवण कुमार को आरोपी शाकिर उर्फ शूटर के बारे में आसूचना प्राप्त हुई कि नोएडा, हाथरस और झालावाड़ में फरारी काटने के बाद वह अभी कोटा शहर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में आया है।

एमएन ने बताया कि आसूचना को डवलप करने के बाद आईजी प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण एवं एजीटीएफ के एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल मदन लाल शर्मा, कांस्टेबल अरुण कुमार, श्रवण कुमार, कुलदीप सिंह एवं कांस्टेबल चालक सुरेश कुमार की टीम को कोटा रवाना किया गया।

शुक्रवार देर रात थाना गुमानपुरा पुलिस के सहयोग से टीम ने संजय नगर इलाके से 50 हजार के इनामी आरोपी शाकिर उर्फ शूटर को डिटेन किया, जिसे थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शाकिर आदतन अपराधी है। इसके विरुद्ध कोटा शहर के थाना विज्ञान नगर, महावीर नगर व गुमानपुरा और ग्रामीण जिले के सुकेत व सिमलिया थाने में गंभीर प्रकृति के 10 आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

एमएन ने बताया कि इस कार्रवाई में एजीटीएफ के एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल मदनलाल शर्मा, श्रवण कुमार, अरुण कुमार, कुलदीप सिंह, कांस्टेबल चालक सुरेश कुमार व गुमानपुरा थाने के कांस्टेबल करतार सिंह की विशेष भूमिका रही। गिरफ्तारी में गुमानपुरा एसएचओ भूपेंद्र सिंह, कांस्टेबल करतार सिंह, जीतराम व महेंद्र का सहयोग रहा।

# विभागों के बंटवारे के बाद कई मंत्रियों ने कार्यभार संभाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)की सरकार में नवनियुक्त मंत्रियों ने विभागों के बंटवारे के बाद शनिवार को कार्यभार संभाल लिया। नवनियुक्त विद्यालयी शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हित वाली योजनाएं चलती रहेंगी।

शिक्षकों के तबादलों पर दिलावर ने कहा कि परीक्षाएं चल रही है, परीक्षाओं के चलते हुए हम कोशिश करेंगे की शिक्षकों के तबादले नहीं हो लेकिन वैसे तबादलों पर कोई रोक नहीं होता। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि यदि कोई मौजूदा कानून उपयोगी नहीं है या उसमें संशोधन की जरूरत है तो उसे बदला जाएगा और प्रभावी कानून बनाया जाएगा।

वहीं नए कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि भ्रष्टाचार नहीं होने दिया जाएगा और अगर हुआ है तो जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा ताकि किसानों की आय दोगुनी हो सके। राजस्थान में नवगठित मंत्रिपरिषद के मंत्रियों के विभागों का बंटवारा शुक्रवार को किया गया, जिसमें गृह व आयोजना जैसे प्रमुख विभाग मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने पास रखे हैं। राज्य में मंत्रिपरिषद का विस्तार 30 दिसंबर को हुआ और 12 कैबिनेट व 10 राज्य मंत्री बनाए गए। इनमें पांच राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। इससे पहले शर्मा ने 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ नवनिर्वाचित विधायक दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था।

# राम मंदिर की नींव में राजस्थानी 'रज', नींव में डाली राजस्थान के 50 से अधिक मंदिर व तीर्थ क्षेत्रों की मिट्टी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थानियों के लिए गौरव की बात है कि राम मंदिर की नींव में राजस्थान के पचास से अधिक मंदिर, मठ, आश्रम और तीर्थ क्षेत्रों की 'रज कण' डाली गई है। छोटी काशी के नाम से विख्यात राजधानी जयपुर के प्रसिद्ध राधागोविंद देव जी मंदिर और मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के अलावा तपोभूमि गलता तीर्थ, हल्दीघाटी, चित्तौड़गढ़, मेहंदीपुर बालाजी, त्रिनेत्र गणेश व डिग्गी कल्याण जी की मिट्टी का उपयोग नींव तैयार करने में किया गया है।

इतिहास में मीरा की भक्ति, महाराणा प्रताप के पराक्रम और वीर सपूतों के शौर्य के लिए विश्व प्रसिद्ध राजस्थान की माटी अब अयोध्या में निर्मित 'रामलला' मंदिर की नींव की मजबूती में अपने योगदान के लिए याद रखी जाएगी। मंदिर के हरेक भाग में राजस्थानी रज अपनी सुगंध बिखेरेगी।

यदि पूरे देशभर के तीर्थ स्थानों व मंदिरों की बात की जाए तो नींव को मजबूत बनाने में 2 हजार 587 क्षेत्रों की मिट्टी का उपयोग किया गया है। हजारों साल तक राम मंदिर सुरक्षित खड़ा रहे, इसलिए इसकी नींव के निर्माण का कार्य लगभग पांच महीनों तक चला। मंदिर निर्माण के लिए जमीन की 50 फीट गहराई में कांक्रीट की आधारशिला रखी गई। जिसकी 2.77 एकड़ भूमि पर भव्य राम मंदिर बन रहा है।

जयपुर से मोती डूंगरी गणेशजी, गोविंद देवजी, गलता पीठ, घाट के बालाजी, शिलामाता, झूलेलाल मंदिर अमरापुर, ताड़केश्वर महादेव मंदिर, त्रिवेणी धाम, शाकंभरी माता सांभर, ज्वाला माता मंदिर जोबनेर, वीर हनुमान मंदिर सामोद, पंचखंड पीठ विराटनगर, सीकर जिले से खाटूश्याम जी, रेवासा पीठ, जीणमाता मंदिर, चूरू जिले से सालासर बालाजी, ददरेवा धाम राजगढ़, झुंझुनूं जिले से रानी सती मंदिर, सूर्य मंदिर लोहार्गल, शाकंभरी माता मंदिर उदयपुरवाटी, अलवर जिले से भर्तृहरि धाम पांडुपोल, करौली जिले से मदन मोहन जी मंदिर, कैला माता मंदिर।



जोधपुर में शनिवार को नगर निगम उत्तर मैं विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रताप नगर के शिविर में केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को चेक सौंपते केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बदल दी देश की तस्वीर और तकदीर : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गोरखपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है; देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं।

भारत में आज वैश्विक स्तर की अवसंरचना, राजमार्ग, रेलवे, हवाई अड्डों का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को गोरखपुर के संझाई में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 6.47 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। एक सरकारी बयान के मुताबिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार नहीं थी तो लोंगो को शौचालय, आवास, राशन, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली के लिए भटकना पड़ता था, लेकिन 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने पर उन्होंने देश के 140 करोड़ लोगों को परिवार की तरह समझकर प्रतिबद्धता व ईमानदारी के साथ उनकी भलाई के लिए कार्य किया। इसी का परिणाम है कि देश की जनता उनके आह्वान पर लगातार भाजपा को आशीर्वाद दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बिना भेदभाव सभी गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पहले गरीबों के राशन पर राशन माफिया डकैती डालते थे; भ्रष्टाचार के कारण गरीब को राशन नहीं मिलता था, वहीं आज देश में 80 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले गरीब स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में दम तोड़ देता था। आज देश में 50 करोड़ व प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत प्रति वर्ष पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गरीबों के पास आवास नहीं थे, वे झोपड़ी में जैसे तैसे गुजर बसर करते थे जबकि आज देश में चार करोड़ व प्रदेश में 55 लाख गरीब परिवारों को आवास का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गरीबों के पास शौचालय नहीं था तथा खुले में शौच से नारी गरिमा को हानि होती थी; आज देश में 12 करोड़ व प्रदेश में तीन करोड़ गरीबों के शौचालय बनवाएं गए। उन्होंने कहा कि पहले गरीब के घर में भोजन पकाने के लिए ईधन, गैस सिलेंडर,केरोसिन आदि की व्यवस्था नहीं थी जबकि आज देश में 10 करोड़ व प्रदेश में 1.75 करोड़ गरीबों को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए गए हैं।



## आदित्य एल1 का गंतव्य तक पहुंचना अंतरिक्ष के माध्यम से भारत की यात्रा में एक और मील का पत्थर: शाह



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए देश के पहले अंतरिक्ष आधारित मिशन 'आदित्य एल1' यान के अपने गंतव्य एल1 प्वाइंट पर पहुंचने की सराहना की और कहा कि यह अंतरिक्ष के माध्यम से भारत की यात्रा में एक और मील का पत्थर है। आदित्य-एल1 पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किलोमीटर दूर अपने गंतव्य एल1 बिंदु पर पहुंच गया, जहां से यह सूर्य की परिक्रमा करेगा और तारे के चमत्कारों का अध्ययन करेगा। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अंतरिक्ष के माध्यम से भारत की यात्रा में एक और मील का पत्थर!! हमारा पहला सौर अनुसंधान उपग्रह आदित्य-एल1 अंतरिक्ष में अपने गंतव्य तक पहुंच गया है। यह इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है जो हमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता के माध्यम से मानव कल्याण प्राप्त करने के हमारे सभ्यतागत लक्ष्य के करीब ले जाती है। उन्होंने कहा, हमारे प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों और हमारे देश के लोगों को मेरी हार्दिक बधाई।

## ज्ञानवापी मस्जिद परिसर सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को देने पर 24 को फैसले की उम्मीद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वाराणसी(उप्र)/भाषा।** वाराणसी की एक अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर पर एएसआई की सीलबंद रिपोर्ट सार्वजनिक करने और पक्षकारों को प्रतियां उपलब्ध कराने के बारे में निर्णय लेने के लिए शनिवार को 24 जनवरी की तारीख तय की। इस आशय का आदेश शनिवार को जिला जज ए.के. विश्वेश की अदालत में दिया गया।

हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों के साथ-साथ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वकील भी अदालत में मौजूद थे। अदालत ने कहा कि सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला आने से पहले सर्वेक्षण रिपोर्ट की प्रतियां सार्वजनिक करना उचित नहीं होगा। फास्ट ट्रैक कोर्ट इस मामले पर 19 जनवरी को सुनवाई करेगा।



## कानून का सम्मान न करने वाले लोग जांच एजेंसियों पर हमला कर रहे हैं : केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

**आणंद (गुजरात)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भीड़ द्वारा हमले किए जाने की शनिवार को निंदा की और कहा कि जो लोग कानून का सम्मान नहीं करते हैं और अपने गलत कृत्यों के लिए जेल जाने से डरते हैं, वे ही जांच एजेंसियों पर ऐसे हमले करते हैं। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में ईडी के कुछ अधिकारियों से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां के कथित समर्थकों ने उस समय मारपीट की और उनके वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए जब वे राशन वितरण घोटाले की जांच के सिलसिले में टीएमसी नेता के आवास की तलाशी लेने जा रहे थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन घोटाले के सिलसिले में बनगांव नगर निकाय के पूर्व अध्यक्ष शंकर आद्या को शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अधिकारी जब शंकर को ले जाने लगे तो शंकर के समर्थकों ने उनका रास्ता रोकने की कथित तौर पर कोशिश की और अधिकारियों के वाहनों पर पथराव भी किया। ईडी टीम के साथ मौजूद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को हालात पर काबू पाने के लिए भीड़ पर लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रधान ने कहा, किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी एजेंसियां अपने नियमों के अनुसार काम करती है। उन्हें बिना किसी बाधा के काम करने की अनुमति होनी चाहिए। दुर्भाग्य से कुछ इलाकों में भ्रष्टाचार में डूबे लोगों के मन में कानून के प्रति कोई सम्मान नहीं है और वे जेल जाने से डरते हैं। वे एजेंसियों के खिलाफ बोलते हैं, उन पर हमला करते हैं। मैं उनकी कड़ी निंदा करता हूं।

## रेल मंत्री वैष्णव ने ओडिशा में स्टेशन, रेल लाइन का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को ओडिशा के नयागढ़ जिले में दशपल्ला स्टेशन और नुआगांव रोड-दशपल्ला लाइन का उद्घाटन किया। वैष्णव ने इस दौरान चार ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई, जिनका रूट दशपल्ला तक बढ़ा दिया गया है। ये ट्रेन - भुवनेश्वर-नयागढ़ टाउन एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-नुआगांव रोड पैसेंजर स्पेशल, पुरी-नुआगांव रोड पैसेंजर स्पेशल और भद्रक-नयागढ़ टाउन एमईएमयू हैं। दशपल्ला में उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओडिशा के विकास को लेकर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी राज्य के 4.5 करोड़ लोगों के लिए रेल, दूरसंचार टावर और राजमार्ग कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।



नुआगांव रोड-दशपल्ला लाइन खुर्द-बलांगीर रेलवे परियोजना का हिस्सा है। परियोजना पूरी होने पर खुर्द-बलांगीर लाइन तटीय ओडिशा को राज्य के पश्चिमी हिस्से से जोड़ेगी। यह दावा करते हुए कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान प्रति वर्ष केवल 50 किलोमीटर की रेलवे लाइन का निर्माण किया गया था, वैष्णव ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार के दौरान यह बढ़कर 450 किलोमीटर हो गई।

उन्होंने कहा, संप्रग सरकार ओडिशा में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रति वर्ष 800 करोड़ रुपए आवंटित कर रही थी, लेकिन मोदी सरकार ने इसे बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपए प्रति वर्ष कर दिया है। वैष्णव ने कहा कि वह पूर्वी तटीय रेलवे (ईसीओआर) से रथ यात्रा के दौरान दशपल्ला, नयागढ़ और नुआगांव से पुरी तक एक विशेष ट्रेन चलाने के लिए कहेंगे।

## मणिपुर के हालात की चिंता के कारण राहुल ने 'न्याय यात्रा' शुरू करने के लिए राज्य को चुना : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** कांग्रेस प्रवक्ता महिमा सिंह ने शनिवार को कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी ने मणिपुर की स्थिति पर चिंता के कारण 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू करने के लिए इस राज्य को चुना है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को लोगों की समस्याओं की कोई परवाह नहीं है और वह केवल सुर्खियों में बने रहने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

'न्याय यात्रा' के लिए असम में संचार और मीडिया समन्वय की प्रभारी सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा, भाजपा, जहां भी सत्ता में है, सुर्खियों में बने रहने को लेकर चिंतित है और जनता के मुद्दों को दरकिनार कर दिया गया है। उन्होंने कहा, मणिपुर को देखें, स्थिति अस्थिर बनी हुई है। राहुल गांधी उन चुनिंदा राष्ट्रीय नेताओं में से हैं, जो वहां गए और समय बिताया। यही कारण है कि उन्होंने इस यात्रा को शुरू करने के लिए मणिपुर को चुना है।



पिछले साल मई से मणिपुर में कुकी और मेइती समुदायों के बीच जातीय संघर्ष के कारण 180 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली यात्रा मणिपुर से महाराष्ट्र तक का सफर तय करेगी। यह यात्रा 14 जनवरी को शुरू होगी। यह पूछे जाने पर कि यात्रा के माध्यम से कांग्रेस क्या हासिल करना चाहती है, सिंह ने कहा, लक्ष्य केवल चुनाव नहीं है। इसका मकसद संविधान और लोकतंत्र को बचाना है।



## बिहार घड़ियाल, कछुओं के लिए पहला प्रजनन केंद्र स्थापित करेगा

**पटना/भाषा।** बिहार सरकार ने घड़ियाल और कछुओं के लिए राज्य का पहला प्रजनन केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव वार्डन पी.के. गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही एक धर्मार्थ संगठन 'वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया' के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में गंडक नदी में घड़ियाल और कछुओं के लिए राज्य का पहला 'इनक्यूबेशन सेंटर-सह-नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर' स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। गुप्ता ने कहा कि 'एक्स-सीटू' प्रजनन के माध्यम से जारी संरक्षण प्रयासों को मजबूत करने और घड़ियाल व कछुओं के बच्चों को सुरक्षित रूप से नदी में छोड़ने की प्रक्रिया में सहायता करने को लेकर अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य स्थित लॉस एंजिलिस चिड़ियाघर ने सहमति जताई है। गुप्ता ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 'ट्राइ-जंक्शन' के पास चंबल नदी पर राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के बाद गंडक नदी भारत में घड़ियालों के लिए दूसरा सफल प्रजनन स्थल बन गई है। उन्होंने कहा, पश्चिम चंपारण में वन अधिकारियों को जिला प्रशासन के साथ समन्वय करने और प्रजनन केंद्र के लिए वन विभाग को चिन्हित भूमि के हस्तांतरण के लिए सभी औपचारिकताएं जल्द से जल्द पूरी करने के लिए कहा गया है।

## 'सूर्य के उत्तरायण में आते ही 'इंडि' गठबंधन के सभी फैसले हो जाएंगे'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बलिया (उप्र)/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को विपक्षी दलों के 'इंडि' गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर कहा कि सूर्य के उत्तरायण में आते ही सभी फैसले हो जायेंगे। सपा प्रमुख शनिवार को जिले के बिसुकिया गांव में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस ('इंडि' गठबंधन) में सीट बंटवारे सहित अन्य फैसलों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ''सपा अन्य दलों को साथ लेकर बहुत जल्द फैसला ले लेगी। सूर्य को उत्तरायण में आने दो। सूर्य के उत्तरायण में आते ही सभी फैसले हो जायेंगे। गौरतलब है कि मकर संक्रांति (14 जनवरी) से सूर्य उत्तरायण होते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि '''इंडि' गठबंधन में सपा पूरी जिम्मेदारी के साथ है। गठबंधन में किसको क्या जिम्मेदारी दी जाएगी, बहुत जल्द जानकारी दे दी जाएगी। यादव ने दावा किया, एक बात तो साफ है कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, देश की जनता भाजपा(भारतीय जनता पार्टी) को हटाना चाहती है।



उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, प्रधानों के बजट का पैसा काटकर विकसित भारत का सपना पूरा नहीं कर सकते हैं। राम मंदिर को लेकर चुनावी लाभ उठाने की चर्चा पर उन्होंने कहा, धर्म, राजनीति का हिस्सा नहीं हो सकता। भाजपा को (किसानों की) आय दोगुनी हुई कि नहीं, युवाओं को रोजगार मिला कि नहीं, इन सवालों का जवाब देना पड़ेगा। सपा प्रमुख ने कहा, चूंकि भारतीय जनता पार्टी के पास इन सवालों का जवाब नहीं है, इसलिए वह धर्म के पीछे छिप जाती है।

## कांग्रेस के लिए 'दिल खुला' है, जरूरत पड़ी तो अकेले भी उतर सकते हैं चुनाव मैदान में: तृणमूल कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के लिए उसका ''दिल खुला'' है लेकिन अगर बातचीत विफल रहती है तो वह अकेले चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार है।

लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि सीट बंटवारे के बारे में कांग्रेस के स्थानीय नेता क्या सोच रहे हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि अंतिम निर्णय दोनों दलों के शीर्ष नेताओं द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारी नेता ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि कांग्रेस के लिए हमारा दिल खुला है। अब, वे क्या करेंगे यह उन पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल में गठबंधन होगा या नहीं, इसका फैसला सोनिया गांधी और ममता बनर्जी करेंगी। स्थानीय कांग्रेस नेता क्या सोचते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।



तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता की यह टिप्पणी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के उस बयान के दो दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी से सीट की भीख नहीं मांगेगी।

तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य वरिष्ठ नेता ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि पार्टी पश्चिम बंगाल में गठबंधन के लिए तैयार है लेकिन जरूरत पड़ने पर वह अकेले भी चुनाव मैदान में उतरने को तैयार है। पार्टी के कई नेताओं ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य की 42 लोकसभा सीट में से चार सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने पर विचार कर रही है।

## मणिपुर में नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराने के काम में जातीय हिंसा बड़ी बाधक

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर सरकार ने कहा कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत इस वर्ष तक राज्य के 4.5 लाख घरों में नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य एक जातीय हिंसक संघर्ष के कारण बाधित हो गया है। राज्य के सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान के अनुसार जल जीवन मिशन को 3,137.42 करोड़ रुपए के बजट के साथ 2019 में शुरू किया गया था। प्रमुख रूप से केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित जल जीवन मिशन कार्यान्वयन का काम मणिपुर में 77 प्रतिशत पर अटका हुआ है और राज्य में जारी जातीय हिंसा के कारण इसमें देरी हो रही है। जल जीवन मिशन केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना है जिसका लक्ष्य 2024 तक सभी ग्रामीण परिवारों को पर्याप्त मात्रा में और निर्धारित गुणवत्ता वाले नल के पानी की आपूर्ति प्रदान करना है। मणिपुर के सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियंता विभाग के मुख्य अभियंता शांगरेइफाओ वाशुमवो ने हिंसा के विघटनकारी प्रभाव का जिक्र करते हुए कहा कि इस संघर्ष ने परियोजना की गति को गंभीर रूप से बाधित कर दिया है और राज्य के बाहर से सामग्री के परिवहन में बाधा उत्पन्न की है।

## गावस्कर ने कहा, शानदार क्षेत्ररक्षक हैं रोहित और कोहली, टी20 विश्व कप में खेलें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने जून में होने वाले टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा और विराट कोहली के खेलने का समर्थन करते हुए कहा कि ये दोनों सीनियर खिलाड़ी भारतीय टीम में सिर्फ अहम बल्लेबाज ही नहीं बल्कि शानदार क्षेत्ररक्षक भी हैं।

रोहित और कोहली दोनों 2022 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से मिली हार के बाद से भारत के लिए इस प्रारूप में नहीं खेले हैं लेकिन दोनों ही खेल के इस छोटे प्रारूप में वापसी के लिए उत्सुक हैं। गावस्कर ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, मुझे उनका क्षेत्ररक्षण अच्छा लगता है। विराट कोहली और रोहित शर्मा अब भी बेहतरीन क्षेत्ररक्षक हैं और मैदान पर उनसे काफी मदद मिलेगी। साथ ही ड्रेसिंग रूम में उनके सीनियर होने के साथ वे मैदान पर भी योगदान करेंगे। उन्होंने कहा, कभी कभार आप जब 35-36 साल की उम्र में होते हो तो आपके एक्शन धीमे हो जाते हो। आपका थ्रो भी उतना जानदार नहीं रहता। इसलिए आपको मैदान में क्षेत्ररक्षण के लिए खिलाड़ियों को सजाते हुए कहां खड़ा किया जाए, इस पर चर्चा होती है। लेकिन इन दोनों खिलाड़ियों के साथ ऐसी कोई समस्या नहीं है क्योंकि ये दोनों अब भी शानदार क्षेत्ररक्षक हैं। टी20 विश्व कप वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में एक से 29 जून तक खेला जाएगा। रोहित की अनुपस्थिति में हार्दिक पंड्या टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम की अगुआई कर रहे हैं। इस आल राउंडर को मुंबई इंडियंस में भी रोहित की जगह कप्तानी दी गई है। रोहित को अगर टीम में शामिल किया जाता है तो क्या वह छोटे प्रारूप में भारतीय टीम की अगुआई करेंगे, लेकिन इसका पता अभी नहीं लगा है। पर रोहित के अनुभव को देखते हुए गावस्कर का मानना है कि टीम का नेतृत्व नहीं करने के बावजूद वह काफी कुछ दे सकते हैं। गावस्कर ने कहा, हम नहीं जानते कि रोहित कप्तान होगा या नहीं, लेकिन जो भी हो, कोई भी कप्तान हो, उसे इससे फायदा जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा, पिछले डेढ़ साल से कोहली इतनी शानदार फॉर्म में हैं। 2023 विश्व कप में उनका प्रदर्शन अविश्सनीय रहा जिसमें उन्होंने तीन शतक से 750 रन बनाए। इसलिए उनकी सीमित ओवरों की बल्लेबाजी में कोई संदेह ही नहीं है।



## रामंदिर के नाम पर राजनीति की जा रही है : बिहार के मंत्री



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** बिहार के मंत्री अशोक चौधरी ने शनिवार को आरोप लगाया कि राममंदिर के नाम पर देश में राजनीति की जा रही है। झारखंड में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश मामलों के प्रभारी चौधरी ने कहा कि फिलहाल महंगाई और बेरोजगारी देश में सबसे बड़ी समस्याएं हैं। बिहार के भवन निर्माण मंत्री चौधरी ने कहा, कुछ लोग अपने फायदे के लिए भगवान राम का पेटेंट करा लेना चाहते हैं। अच्छा है कि भगवान राम का मंदिर बन रहा है लेकिन उसपर राजनीति करना अच्छा नहीं है। वह 21 जनवरी को झारखंड के रामगढ़ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की होने वाली रैली की तैयारी की समीक्षा के लिए यहां आए थे। उन्होंने कहा, महंगाई और बेरोजगारी देश में सबसे बड़ी समस्याएं हैं। एक किलोग्राम दाल का दाम 65 रुपए से बढ़कर 185 रुपए हो गया है। अब कई लोगों को दालें नहीं मिल पाती हैं। इन मुद्दों पर भी चर्चा होनी चाहिए। चौधरी ने दावा किया कि रामगढ़ में कुमार की रैली में 50,000 से अधिक लोग पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जितनी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, उनपर ध्यान देने के बजाय वह राज्य में अपना संगठन मजबूत बनाने को अधिक इच्छुक है।

## दक्षिण अफ्रीका में 'फुल लेंग्थ' की गेंदबाजी कारगर नहीं है: मुकेश



**केपटाउन/भाषा।** अपनी स्विंग गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान करने वाले मुकेश कुमार को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में मौका नहीं मिला लेकिन न्यूलैंड्स में दूसरे टेस्ट मैच में उनकी कारगर गेंदबाजी के बाद टीम प्रबंधन को अपनी चूक का एहसास हुआ।

मोहम्मद सिराज (सात विकेट) और जसप्रीत बुमराह (आठ विकेट) की अनुभवी जोड़ी ने दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया। इस बीच टीम के तीसरे तेज गेंदबाज मुकेश ने चार विकेट लिए जिसमें दूसरी पारी में शीर्ष क्रम के दो खिलाड़ियों को आउट करना शामिल था। स्विंग गेंदबाज फुल लेंग्थ ( गेंद को बल्लेबाज के करीब टप्पा खिलाना) पसंद करते हैं लेकिन मुकेश थोड़ी पीछे की लेंथ से गेंदबाजी करने के बावजूद स्विंग से बल्लेबाजों को चकमा देने में सफल रहे।

## अगर फिर से सब शुरू करता तो थोड़ा संयम और दिखाता : वॉर्नर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सिडनी/भाषा।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने शनिवार को यहां अपने घरेलू मैदान एससीजी पर पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट में 75 गेंद में 57 रन बनाकर अपने शानदार करियर का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान पर आठ विकेट की जीत से श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

वॉर्नर जानते हैं कि वह 'हर किसी के पसंदीदा' नहीं रहे हैं और उनका कहना है कि अगर उन्हें यह सब फिर से शुरू करना होता तो वह शायद थोड़ा और धैर्य दिखाते। वॉर्नर ने मेजबान प्रसारक 'फॉक्स क्रिकेट' से कहा, इतने वर्षों में, मैं हर किसी का पसंदीदा खिलाड़ी नहीं रहा हूं। लेकिन मैंने जितना हो सके उतना अच्छा खेल खेला और टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, अगर मेरे पास फिर से यही समय होता और मुझे यह पता होता, तो मैं शायद थोड़ा और धैर्य दिखाता। वॉर्नर को आक्रामक खिलाड़ी के तौर पर देखा जाता है जो हमेशा छींटाकशी के लिए तैयार रहता। हमेशा प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों से शब्दों की जंग में शामिल रहते जो विशेषकर उनके करियर के शुरुआती हिस्से में हुआ। वह दक्षिण अफ्रीका में 2018 में गेंद से छेड़छाड़ विवाद का भी केंद्र में रहे थे जिसके लिए उन पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट से एक साल का निलंबन लगा और ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी से उन्हें आजीवन प्रतिबंध झेलना पड़ा। उन्होंने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी तो टीम में मेरी भूमिका यही थी कि प्रतिद्वंद्वी टीम को उकसाऊं।



## सुविचार

**जिंदगी का बस एक ही उसूल है**
**यहाँ, तुझे गिरना भी खुद है**
**और संभलना भी खुद है।**

## ट्वीट



इसरो का आदित्य ङ1 स्पेस क्राफ्ट सन-अर्थ लैंग्रेज पॉइंट 1 पर पहुंचने की ऐतिहासिक उपलब्धि देश का गौरव बढ़ाने वाली है। इस गौरांवित क्षण पर इसरो के सभी वैज्ञानिकों और कर्मचारियों को हार्दिक बधाई।

-सीपी जोशी

बायतु के छोटे से गांव खोथो की ढाणी की प्रतिभावान बिटिया वर्षा जाखड़ जी ने अपने अद्भुत खेल कौशल का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयनित होकर समस्त प्रदेशवासियों को गौरवान्वित किया है।

-भजनलाल शर्मा



## कहानी

# किस्तों में बंटी जिंदगी



मानसून आने से पहले दो दिनों तक लगातार बरसने के बाद बारिश थम गई थी। लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली थी। सुबह राजन के ऑफिस जाने के बाद से उसकी पत्नी नेहा और पुत्र सनी अघोषित बिजली कटौती के बाद बिजली आने का इंतजार कर रहे थे। दोपहर बाद नेहा के बाबूजी के उनके घर आने के साथ ही बिजली भी आ गई थी। बाबूजी आदतन अपने साथ थैला भर सब्जियां और फल लाना नहीं भूले थे। बाबूजी के चेहरे पर अत्यधिक खुशी देखकर नेहा ने इसका कारण पूछा तो वे कहने लगे बेटी , आज मैं अपने बेटे समर के व्यवसाय के लिए बैंक के कर्ज की आखिरी किस्त का भुगतान कर आया हूं। सिक्योरिटी और गारंटर के रूप में रखे अपने मकान के कागजात बैंक से निकलवा कर घर पर रख दिए हैं। आज मैं परिवार के प्रति अपने दायित्वों को निभाने के लिए समय - समय पर लिए गए सभी कर्जों के भुगतान की किस्तों से मुक्त हो गया हूं। यह कहते हुए उनकी आंखों से आंसू छलक आए थे । नेहा भी भावुक हो गई थी। कुछ देर बातचीत के बाद बाबूजी घर जाने लगे तो नेहा उन्हे पास के ही चौराहे पर रिक्शे में बैठाकर आ गई।

शाम को नेहा अपने पुत्र सनी को पढ़ाने में व्यस्त थी। तभी मोबाइल फोन पर बज रही रिंगटोन ने उसका ध्यान उस ओर किया। उसके छोटे भाई समर की फोन कॉल थी। समर की बात सुनकर मानो उसका कलेजा मुंह को आ गया। समर के अनुसार कुछ देर पहले ही बाबूजी अपने एक मित्र को घर के बाहर चौराहे तक छोड़कर आ रहे थे। सड़क के किनारे बारिश के कारण कीचड़ और फिसलन होने से वहां बाबूजी फिसलकर सिर के बल गिर गए। सिर में लगी चोट से बेहोश बाबूजी को समर जनरल हॉस्पिटल ले गया था। नेहा ने किसी तरह खुद को संभालकर राजन को ऑफिस फोन कर तुरंत जनरल हॉस्पिटल पहुंचने के लिए कहा। नेहा सनी को अपने पड़ोसी के घर छोड़कर तुरंत हॉस्पिटल के लिए रवाना हो गई।

हॉस्पिटल में समर ,उसकी पत्नी उषा और मोहल्ले के कई लोग मौजूद थे। बाबूजी की स्थिति नाजुक बताई जा रही थी। डॉक्टर ने उनके जल्दी ऑपरेशन की जरूरत बताते हुए समर को दो यूनिट ब्लड की व्यवस्था करने के लिए कह दिया था। समर और नेहा ने एक - एक यूनिट ब्लड दे दिया। बाबूजी को जब ऑपरेशन थिएटर में ले जाते समय नेहा का दिल किसी अनजान आशंका से जोर से धड़कने लगा था। अपने भाई और भाभी के साथ वह ऑपरेशन थिएटर के बाहर बैंच पर चुपचाप बैठी थी। कुछ देर में राजन भी वहां पहुंच गया था। बीतते समय के साथ सभी के समझाने के बावजूद वह अपने को रोक नहीं पाई। अपने जज्बात पर काबू नहीं रख पाने से उसकी आंखों से आंसू बहने लगे। डॉक्टर ने ऑपरेशन के बाद बाबूजी के होश में आने तक उनकी स्थिति के बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया था। घर के सभी लोगों ने उनके होश में आने के इंतजार में पूरी रात जागते हुए काटी थी।

सुबह तक बाबूजी को होश नहीं आया था। लेकिन घर वालों को कम संख्या में उनके पास जाने की इजाजत दे दी गई थी। बाबूजी को ड्रिप के जरिये ब्लड दिया जा रहा था। उनके बेड के पास कुर्सी पर बैठी नेहा सोच रही थी कि बूंद - बूंद करके ब्लड किस्तों में बाबूजी के शरीर में जा रहा था। उन्हे दी जाने वाली इंजेक्शन और दवाइयां भी एक निश्चित अंतराल के बाद ही किस्तों में देनी थी । इसी तरह बाबूजी ने भी अपने परिवार और जिम्मेदारियों का निर्वाह ढंग से करने में अपनी पूरी ज़िंदगी लिए गए विभिन्न आर्थिक कर्जों के भुगतान की किस्तें चुकाने में ही लगा दी थी। मानो उनकी ज़िंदगी किस्तों में बटी थी। नेहा के जेहन में एक अजीब सी हलचल हुई और उसकी आंखों के सामने अतीत की ढेर सारी तस्वीरों का कोलाज़ बनने लगा। एक सरकारी महकमे में क्लर्क के पद से सेवानिवृत्त बाबूजी ने हमेशा ईमानदारी और निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वाह किया। कमाऊ महकमे में काम करते हुए भी रुपये कमाने के लिए उन्होने कभी भी गलत रास्ता नहीं चुना । वे रिश्वत के रुपयों को पाप समझते थे। वे अवसरवादी नहीं थे। इसलिए उन्होने अपने आदर्शों से कभी समझौता नहीं किया। आय के सीमित साधन होते हुए भी परिवार में पत्नी और दो बच्चों , पुत्री नेहा और पुत्र समर की छोटी बड़ी जरुरतों को पूरा करने के लिए जद्दोजहद करते रहते थे। घर के पास ही स्थित साड़ियों की मशहूर दुकान से मां को काम मिल जाता था । मां घर पर ही साड़ियों के फॉल और गोटा किनारी लगाने का काम करती थी। उससे होने वाली आय से मां को घर खर्च में मदद मिल जाती थी और कभी कुछ बचत भी हो जाती थी। हर इंसान की तरह मां - बाबूजी ने भी अपनी आंखों में कई खूबसूरत सपने पाले थे। जिन्हे पूरा करने में वे दिन रात मेहनत करते रहते थे। उन्हे न तो विरासत में रुपया पैसा मिला था और न ही प्रतिष्ठित परिवार का नाम । मां और बाबूजी महीना शुरु होने के बाद से अगले महीने की पहली तारीख के बीच में बच्चों की जरुरतों और ख़्वाहिशों को पूरा करने की सोच में ही डूबे रहते थे। ज़िंदगी में ऐसे कई मौके आए जब बाबूजी को निराशा ने घेर लिया। परंतु वे उससे भी जल्दी उबर कर निकले। उन्होने उम्मीद कभी नहीं छोड़ी। विषम परिस्थितियों में भी उन्हे किसी ने गुस्से में नहीं देखा। मानो उन्होने क्रोध पर विजय पा ली थी या फिर अपने होंठ सी रखे थे।

बचपन में वह मां की पुरानी साड़ियों से बनी फ्रॉक और अन्य कपड़े अक्सर पहना करती थी। बाबूजी के पुराने कपड़ों से बने कपड़े समर पहना करता था। हमेशा साइकिल पर ऑफिस जाने वाले बाबूजी के साथ काम करने वाले ऑफिस कर्मियों ने रिश्वत के रुपयों से शहर की मंहगी कॉलोनियों में बड़े - बड़े आलीशान मकान बनवा लिए थे। जबकि बाबूजी अपनी आय के अनुसार हाउसिंग बोर्ड का दो कमरों का मकान मासिक किस्तों पर खरीद पाए। इस नए मकान में शिफ्ट होने पर मां की पुरानी साड़ियों ने ही खिड़की और दरवाजों पर पर्दों की जगह ली थी। सबसे पहले दोनों कमरों में छत के पंखे मासिक किस्तों पर खरीदकर लगाए गए थे । बाबूजी कहा करते थे कि उन पंखों की हवा में ठंडक उन्हे पंखों की किश्तें पूरी होने के बाद ही महसूस हुई थी। घर के लिए धीरे -धीरे भौतिक संसाधन मासिक किस्तों पर खरीदे जाने लगे। किसी एक सामान की किश्त पूरी होने पर दूसरा सामान ले लिया जाता। उसे याद नहीं कि कोई ऐसा महीना आया था जिसमें बाबूजी ने किसी न किसी सामान की किस्त नहीं जमा कराई हो। समय के साथ परिवार की बढ़ती जरुरतों को देखते हुए समर पड़ोस के छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था। वह खुद मां की सिलाई के काम में मदद किया करती थी। कॉलेज तक शिक्षा दिलाने के बाद उसका विवाह समय पर धूमधाम से एक सभ्रांत परिवार के सुयोग्य और सुशील लड़के राजन से कर दिया था। राजन एक प्राइवेट कम्पनी में एग्जीक्यूटिव था। मां और बाबूजी ने शायद ही कभी महंगे कपड़े पहने थे। उसके विवाह के समय अपने लिए महंगी साड़ी खरीदते समय मां सोच में पड़ गई थी। उस महंगी साड़ी को पहनकर फोटो खिंचवाने के बाद साड़ी उसे दे दी थी।

> **बाबूजी कहा करते थे कि उन पंखों की हवा में ठंडक उन्हे पंखों की किश्तें पूरी होने के बाद ही महसूस हुई थी। घर के लिए धीरे -धीरे भौतिक संसाधन मासिक किस्तों पर खरीदे जाने लगे। किसी एक सामान की किश्त पूरी होने पर दूसरा सामान ले लिया जाता। उसे याद नहीं कि कोई ऐसा महीना आया था जिसमें बाबूजी ने किसी न किसी सामान की किस्त नहीं जमा कराई हो। समय के साथ परिवार की बढ़ती जरुरतों को देखते हुए समर पड़ोस के छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था।**

ज़िंदगी में हमेशा सब कुछ हमारी इच्छा के अनुसार नहीं होता। प्रायः आम लोगों के सपने पूरे नहीं हुआ करते। उसके परिवार ने समर के भविष्य को लेकर सपनों के घरोंदे बनाए थे। लेकिन आज की आधुनिकता और चकाचौंध भरी दुनिया से परे सादगी का जीवन जीने वाले आम आदमी के परिवार के सपने समय की लहरों ने तोड़ दिए थे। न जाने कितनी जुगत लगाने और कितने ही पापड़ बेलने के बाद भी उच्च शिक्षा प्राप्त समर को नौकरी नहीं मिलने से परिवार में सभी के सपने टूट कर बिखर गए थे। उन्हे अपने चारों ओर धुंध सी छाई दिखाई देती थी। समर का आजीविका का जरिया सोचते और प्रयास करते पूरा दिन निकल जाता। फिर रात हो जाती। रात के बाद सुबह होती और अगले दिन फिर वही सिलसिला शुरु हो जाता। समर को आजीविका की सही राह खुद चुननी थी । इससे पहले कि समर निराश होता , जीवन के इस अहम मोड़ पर बाबूजी ने उसे हिम्मत बंधाते हुए स्वयं का व्यवसाय शुरु करने का सुझाव दिया। व्यवसाय के ज्ञान , समझ और अनुभव के लिए उन्होने अपने एक जानकर व्यवसायी के यहां समर की नौकरी लगवाई। उसके बाद अपने मकान के कागजात बैंक में सिक्योरिटी और गारंटर के रुप में रखकर समर को व्यवसाय के लिए कर्ज दिलवाया। कर्ज के भुगतान की मासिक किस्ट बाबूजी अपनी आय से जमा कराया करते थे। मां और बाबूजी की ज़िंदगी तमाम तरह के खट्टे - मीठे अनुभवों के रंगों से मिलकर बनी थी। ये रंग खुशियों के थे तो रंज के भी थे। उन्होने जीवन में अपने सब सुख और दुख समेटकर खुद को जीवन की कसौटी पर खरा पाया। बच्चों को जीवन में जूझना सिखाते हुए एक पहचान देने की कोशिश करी थी।

समर का व्यवसाय सही ढंग से चलने पर उसका विवाह कर दिया गया। अमर की पत्नी उषा के व्यवहार से मां बहुत खुश रहती थी। उषा ने आते ही पूरे घर का काम संभाल लिया था। मां के सिर पर से परिवार की जिम्मेदारी का काफी बोझ हल्का हो गया था। मां ने बहू को लेकर जो थोड़े बहुत सपने देखे थे वो उसे धीरे - धीरे पूरे होते दिख रहे थे। लेकिन जीवन में दुख और परेशानियां कब प्रकट हो जाए पता ही नहीं चलता। बाबूजी के रिटायरमेंट से पहले दमे की मरीज मां की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। बाबूजी के ऑफिस में मां के इलाज के मेडिकल बिल भुगतान के लिए पास हुए या नहीं , लेकिन मां एक दिन दमे से लड़ने की परीक्षा में फेल होकर अपनी ज़िंदगी की जंग हार गई। घर में बाबूजी के कमरे की हर दीवार पर मां की तस्वीरें लगी थीं। अफसोस यह था कि उनमें से मां की दमा के कारण दम फूलने और खांसने की आवाज नहीं आती थी। रिटायरमेंट के बाद बाबूजी अक्सर उसके यहां आ जाया करते थे। वे हमेशा थैले में सब्जियां, फल लेकर आते और मुस्कुराते हुए उसे कई हिदायतें , मशवरे देते हुए आखिर में उसे सुखी और खुश रहने का आशीर्वाद देते थे।

डॉक्टर और नर्स की आवाज सुनकर वह तस्वीरों के कोलाज़ से वर्तमान में लौटी तो देखा कि बाबूजी को ऑक्सीजन देने की प्रक्रिया चल रही थी। डॉक्टर ने घर के सभी लोगों को वार्ड से बाहर जाने के लिए कहा। कुछ देर बाद ही बाबूजी का निधन हो गया । बाबूजी के चेहरे पर बच्चों की पढ़ाई , मकान , घर में भौतिक साधनों ,बच्चों का विवाह और पुत्र के व्यवसाय के लिए समय - समय पर लिए गए कर्ज की सभी किस्तों का भुगतान करने के बाद कर्ज मुक्त होने से चिंता या परेशानी की लकीरें नहीं थीं। वे आराम से शांत भाव और स्वाभाविक मुस्कान लिए बेड पर लेटे हुए थे। उनके शरीर से लिपटकर रो रहे समर और नेहा की आंखों से झरते आंसुओं की बूंदों का उन्हे भान नहीं था । बाबूजी के जीवन में सांसों की जो किस्तें बाकी थीं उन्हे भी उन्होने पूरा चुका दिया था। बाबूजी सभी रिश्तों और किस्तों से मुक्त होकर , अपनी किस्तों में बटी ज़िंदगी को हमेशा के लिए छोड़कर सबसे दूर चले गए थे।



सुधीर केवलिया
संपर्क : 09413279217

## संजय उवाच



■ संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com

# धरातल

हम पति-पत्नी यात्रा पर हैं। दांपत्य की साझा यात्रा में अधिकांश भौगोलिक यात्राएँ भी साझा ही होती हैं। बस का स्लीपर कोच.., कोच के हर कंपार्टमेंट में वातानुकूलन का असर बनाए रखने के लिए स्लाइडिंग विंडो है। निजता की रक्षा और धूप से बचाव के लिए पर्दे लगे हैं।

मानसपटल पर छुटपन में सेना की आवासीय कॉलोनी में खेला 'घर-घर' उभर रहा है। इस डिब्बेनुमा ही होता था वह घर। दो चारपाइयाँ साथ-खड़ी कर उनके बीच के स्थान को किसी चादर से ढककर बन जाता था घर। साथ की लड़कियाँ भोजन का ज़िम्मा उठाती और हम लड़के फ़ौजी शैली में ड्यूटी पर जाते। सारा कुछ नकली पर आनंद शत-प्रतिशत असली। कालांतर में हरेक का अपना असली घर बसा और तब समझ में आया कि 'दुनिया जिसे कहते हैं, जादू का खिलौना है.., मिल जाए तो मिट्टी है, खो जाए तो सोना है।' यों भी बचपन में निदा फाज़ली कहाँ समझ आते हैं!

जीवन को समझने-समझाने की एक छोटी-सी घटना भी अभी घटी। रात्रि भोजन के पश्चात बस में चढ़ता हुए एक यात्री जैसे ही एक कंपार्टमेंट खोलने लगा, पीछे से आ रहे यात्री ने टोका, 'ये हमारा है।' पहला यात्री माफी मांगकर अगले कंपार्टमेंट में चला गया। अठारह-बीस घंटे के लिए बुक किये गए लगभग 6 3 के इस कक्ष से सुबह तक हर यात्री को उतरना है। बीती यात्रा में यह किसी और का था, आगामी यात्रा में किसी और का होगा। व्यवहारिकता का पक्ष छोड़ दें तो अचरज की बात है कि नश्वरता में भी 'मैं', 'मेरा' का भाव अपनी जगह बना लेता है। जगह ही नहीं बनाता अपितु इस भाव को ही स्थायी समझने लगता है।

निदा के शब्दों ने चिंतन को चेतना के मार्ग पर अग्रसर किया। सच देखें तो नश्वर जगत में शाश्वत तो मिट्टी ही है। देह को बनाती मिट्टी, देह को मिट्टी में मिलाती मिट्टी। मिट्टी धरातल है। वह व्यक्ति को बौराने नहीं देती पर सोना, कनक है। 'कनक, कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय, या खाये बौराय जग, वा पाये बौराय।'

बिहारी द्वारा वर्णित कनक की उपरोक्त सर्वव्यापी मादकता के बीच धरती पकड़े रखना कठिन हो सकता है, असंभव नहीं। मिट्टी होने का नित्य भाव मनुष्य जीवन का आरंभ बिंदु है और उत्कर्ष बिंदु भी।

## बोध कथा

# सबकी सोच एक जैसी

एक बार राजा अकबर अपने दरबार में किसी खास विषय पर चर्चा कर रहे थे। उस विषय पर उन्होंने राज दरबार में मौजूद सभी लोगों से उनकी राय मांगी। ऐसे में दरबार में उपस्थित सभी मंत्रीगणों ने अपनी-अपनी बुद्धि के हिसाब से जवाब दिया। राजा यह देखकर बहुत हैरान हुए कि सभी का जवाब एक दूसरे से बिल्कुल अलग था। इस पर राजा अकबर ने बीरबल से ऐसा होने के पीछे की वजह पूछी और सवाल किया, 'आखिर सबकी सोच एक जैसी क्यों नहीं होती?'

राजा के सवाल पर बीरबल मुस्कुराया और कहा, 'महाराज बेशक लोगों की सोच एक दूसरे से कई मामलों में अलग होती है, मगर कुछ खास विषयों पर सबकी सोच एक जैसी ही होती है।' बीरबल की इस बात के साथ दरबार की कार्यवाही समाप्त होती है और सभी अपना-अपना काम करने के लिए चले जाते हैं।

उसी शाम राजा अकबर बीरबल के साथ अपने बाग में टहलने जाते हैं, तब वो दोबारा वही सवाल दोहराते हैं। 'बीरबल मैंने तुमसे पूछा था कि सबकी सोच एक जैसी क्यों नहीं होती? इस सवाल का जवाब दो मुझे।' इसी के साथ एक बार फिर अकबर और बीरबल के बीच इस मुद्दे को लेकर बहस छिड़ जाती है। जब लाख कोशिशों के बावजूद राजा अकबर को बीरबल की बात नहीं समझ आती, तो वह अपनी बात को समझाने के लिए एक युक्ति निकालता है।

बीरबल कहता है, 'महाराज मैं आपको साबित कर दूंगा कि कुछ मामलों में सबकी सोच एक जैसी ही होती है। बस आप एक फरमान जारी कर दीजिए। फरमान यह होगा कि आने वाली अमावस्या की रात को सभी अपने-अपने घर से एक लोटा दूध लाकर आपके बाग में बने सूखे कुएं में डालेंगे और इस फरमान को न मानने वाले को सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।'

वैसे तो राजा अकबर को बीरबल की यह बात मूर्खता वाली लगती है, लेकिन वह बीरबल के कहे अनुसार शाही फरमान जारी करवा देते हैं। राजा के आदेश से सिपाही पूरे राज्य में घूम-घूम कर इस फरमान के बारे में सभी को बताते है। राजा के इस फरमान को सुनते ही सभी में इस बात को लेकर चर्चा होने लगी कि सूखे कुएं में दूध डालना एक मूर्खता पूर्ण कार्य है। फिर भी राजा का फरमान था, तो मानना सभी को था। सभी अमावस्या की रात का इंतजार करने लगे।

देखते-देखते अमावस्या की रात भी आ गई और सभी अपने-अपने घर से एक-एक भरा लोटा लेकर कुएं के पास जमा हो जाते हैं। बारी-बारी सभी कुएं में लोटा पलट कर अपने-अपने घर की ओर चले जाते हैं। यह सारा नजारा राजा अकबर और बीरबल छिप कर देख रहे होते हैं। जब सभी अपना लोटा कुएं में पलट कर चले जाते हैं, तो बीरबल राजा अकबर को कुएं के नजदीक ले जाते हैं और कहते हैं, 'महाराज देखिए क्या आपके फरमान से कुआं दूध से भर गया? बीरबल की बात पर राजा अकबर कुएं में झांक कर देखते हैं कि कुआं ऊपर तक पानी से भरा हुआ है। यह देखकर उन्हें बहुत आश्चर्य होता है और वे नाराज भी होते हैं।

राजा अकबर बीरबल से कहते हैं, 'मैंने तो कुएं में दूध डालने का फरमान जारी किया था। फिर कुआं दूध की जगह पानी से क्यों भरा गया?' राजा के इस सवाल पर बीरबल मुस्कुराते हुए कहता है, 'महाराज कुएं में दूध डालना सभी को व्यर्थ लगा, इसलिए सभी ने दूध की जगह कुएं में पानी डाला। उन सभी ने यह भी सोचा कि अमावस्या की रात घना अंधेरा होता है। अब इतने अंधेरे में सभी को सिर्फ लोटा ही दिखेगा, न कि लोटे में दूध है या पानी। बीरबल बोला, 'महाराज इस बात से स्पष्ट होता है कि कुछ मामलों में सभी की सोच एक जैसी होती है।' अब राजा अकबर को बीरबल की बात अच्छे से समझ आ गई थी।

### कहानी से सीख

इस कहानी से यही सीख मिलती है कि एक जैसी व्यक्तिगत स्थिति होने पर सभी की सोच एक जैसी हो जाती है।



## वीर गाथा

# कैप्टन जिंटू गोगोई: दुश्मन से घिरकर भी रहे बेखौफ, वीरगति से पहले मार गिराए 2 घुसपैठिए

कैप्टन जिंटू गोगोई का जन्म 21 नवंबर, 1970 को एयर हॉस्पिटल, कानपुर में हुआ था। माता दुलुप्रभा देवी और पिता थोगीराम गोगोई की वीर संतान जिंटू को बचपन से ही ऐसा माहौल मिला, जिससे उन्हें सैनिक बनने की प्रेरणा मिली। थोगीराम भी वायुसेना में बतौर फ्लाइंग ऑफिसर सेवा दे चुके हैं।

साल 1994 में जिंटू का चयन भारतीय सेना में हुआ। उन्हें ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई भेजा गया। उसके बाद उन्हें गढ़वाल राइफल्स की 17वीं बटालियन में शामिल कर लिया गया।

साल 1999 में, पाकिस्तान ने एक बार फिर अपने दुष्टतापूर्ण इरादे जाहिर करते हुए युद्ध छेड़ दिया। जिंटू की यूनिट जम्मू-कश्मीर में तैनात थी। उसके वीर सिपाहियों ने हुंकार भरी और मैदान में कूद पड़े। जिंटू की कुछ ही दिन पहले सगाई हुई थी, लेकिन वे सूचना मिलने के फौरन बाद मोर्चे पर आ गए।

ऑपरेशन विजय की घोषणा हो चुकी थी। कैप्टन जिंटू को 29-30 जून की रात को बटालिक सब-सेक्टर में जुबेर हिल कॉम्प्लेक्स के क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास रिज लाइन काला पत्थर से दुश्मन को मार भगाने का जिम्मा सौंपा गया था।

अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए, उन्होंने भारी गोलीबारी में साथी जवानों का नेतृत्व किया। वे देर रात को चोटी पर पहुंच गए। वहां घात लगाए बैठे दुश्मन ने उन्हें घिर लिया। उसने जिंटू से कहा कि वे आत्मसमर्पण कर दें, क्योंकि अब उनके पास बचने का कोई मौका नहीं था।

जिंटू ने इसे खारिज करते हुए हमला जारी रखा। उन्हें पता था कि अब ज़िंदगी की डोर खत्म होने वाली है, इसलिए दुनिया से जाते-जाते दुश्मन को बड़ा नुकसान जरूर पहुंचाएं। उन्होंने अचूक निशाना लगाते हुए दो पाकिस्तानी जवानों को ढेर कर दिया। साथ ही, भारतीय जवानों तक यह सूचना पहुंचा दी कि दुश्मन किस जगह छुपा हुआ है।

दुश्मन की गोलीबारी से घायल हुए जिंटू भारत मां के लिए बलिदान हो गए। उन्होंने अपने साथियों को जो सूचना भेजी, वह बहुत उपयोगी सिद्ध हुई। उसके आधार पर कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के बाकी घुसपैठियों का भी खात्मा कर दिया गया। कैप्टन जिंटू गोगोई को 'वीर चक्र' से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। - दक्षिण भारत राष्ट्रमत

बचाव


श्रीनगर में शनिवार को भीषण ठंड के बीच पर्यटक अलाव के पास बचाव करते हुए।

# राहुल गांधी जहां-जहां जाते हैं कांग्रेस का सफाया कर देते हैं : कैप्टन अभिमन्यु

जींद/भाषा। हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के नेता कैप्टन अभिमन्यु ने शनिवार को दावा किया कि ''कांग्रेस नेता राहुल गांधी जहां-जहां जाते हैं वहां-वहां कांग्रेस साफ हो जाती है। उन्होंने साथ ही भरोसा व्यक्त जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेंगे।

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा, जहां-जहां भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी गए वहां पर कांग्रेस हार गई। जहां-जहां राहुल गांधी जा रहे है वहां-वहां कांग्रेस को साफ करते जा रहे है। अब एक फेरा और लगाएंगे।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 14 जनवरी से मणिपुर से अपनी 'भारत जोड़ो न्याय' यात्रा शुरू करेंगे जो 15 राज्यों से गुजरकर महाराष्ट्र में समाप्त होगी।

विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन पर कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि इस गठबंधन को 'घमंडिया गठबंधन' कहा जाता है।

भाजपा नेता ने कहा कि गठबंधन के नेता आज तक ये रूपरेखा तैयार नहीं कर पाए है कि कौन इनका नेतृत्व करेगा। हर प्रदेश में आपसी फूट की खबर आ रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का कांग्रेस के साथ झगड़ा हो रहा है जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी के साथ खींचतान चल रही है। वहीं, हरियाणा में यह स्पष्ट नहीं हो रहा कि कोई है भी या नहीं। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन का एक मात्र एजेंडा नरेन्द्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनने से रोकना है।

संकल्प यात्रा


जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, संभागीय आयुक्त कश्मीर वी.के. बिधूड़ी, आईजी पुलिस विधि कुमार बर्डे, निवर्तमान श्रीनगर नगर निगम आयुक्त अतहर आमिर और अन्य अधिकारियों के साथ, पोलो ग्राउंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान।

# बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए मतदान आज, हसीना का सत्ता में लौटना लगभग तय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



ढाका/भाषा। बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए रविवार को मतदान होगा जिसमें मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अनुपस्थिति के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना के लगातार चौथी बार जीत दर्ज करने की उम्मीद है। विपक्षी दल बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया है और ''अवैध सरकार'' के खिलाफ 48 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है।

देश के निर्वाचन आयोग के अनुसार, 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर रविवार को होने वाले मतदान में कुल 11.96 करोड़ पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव में 27 राजनीतिक दलों के 1,500 से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं और उनके अलावा 436 निर्दलीय उम्मीदवार भी हैं।

भारत के तीन पर्यवेक्षकों समेत 100 से अधिक विदेशी पर्यवेक्षक 12वें आम चुनाव की निगरानी रखेंगे। यह चुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच कराया जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदान सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे समाप्त होगा। नतीजे आठ जनवरी की सुबह से आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री हसीना की सत्तारूढ़ आवामी लीग के लगातार चौथी बार जीतने की उम्मीद है क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया (78) की पार्टी ने चुनाव का बहिष्कार किया है। खालिदा भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद घर में नजरबंद हैं। हसीना (76) ने इस सप्ताह राष्ट्रीय टेलीविजन पर दिए संबोधन में लोकतंत्र समर्थक और कानून का पालन करने वाले दलों से ऐसे विचारों को हवा न देने का अनुरोध किया था जो देश की संवैधानिक प्रक्रिया में ''बाधा'' डालते हों। बीएनपी ने शनिवार से 48 घंटे की देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। सड़कों पर वाहनों की संख्या अन्य दिनों के मुकाबले कम है लेकिन आगजनी के डर के बावजूद सार्वजनिक वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। जो 27 राजनीतिक दल चुनाव लड़ रहे हैं उनमें विपक्षी जातीय पार्टी भी शामिल है। बाकी सत्तारूढ़ आवामी लीग की अगुवाई वाले गठबंधन के सदस्य हैं जिसे विशेषज्ञों ने ''चुनावी गुट'' का घटक सदस्य बताया है।

बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार करते हुए छह जनवरी को सुबह छह बजे से आठ जनवरी सुबह छह बजे तक 48 घंटे की देशव्यापी आम हड़ताल का आह्वान किया है। पार्टी का दावा है कि मौजूदा सरकार के रहते कोई भी चुनाव निष्पक्ष और विश्वसनीय नहीं होगा।

बीएनपी के प्रवक्ता रुहुल कबीर रिजवी ने हड़ताल की घोषणा करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य ''इस अवैध सरकार के इस्तीफे, एक तटस्थ सरकार के गठन और सभी पार्टी नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को जेल से रिहा करने की मांग करना है। चुनावों के मद्देनजर हसीना सरकार ने हजारों विरोधी नेताओं और समर्थकों को गिरफ्तार किया है। मानवाधिकार समूहों ने इस कदम की निंदा कर इसे विपक्ष को पंगु करने का प्रयास बताया। प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि आवामी लीग सत्ता में आने पर देश के लोगों का आर्थिक और सामाजिक विकास सुनिश्चित करेगी। प्राधिकारियों ने मतदान के दौरान शांति व व्यवस्था बनाए रखने के लिए ''नागरिक प्रशासन की मदद'' के वास्ते दो दिन पहले देशभर में सैन्य टुकड़ियों को तैनात किया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद अज्ञात लोगों ने 64 प्रशासनिक जिलों में चार में खाली पड़े मतदान केंद्रों में आगजनी की जबकि एक अन्य जिले में बीएनपी कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हुई जिसमें शुक्रवार को पांच लोग घायल हो गए। दमकल सेवा के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार सुबह साढ़े नौ बजे तक 16 घंटे में आगजनी के कम से कम 14 हमले हुए। शुक्रवार रात ढाका के पास एक यात्री ट्रेन में आगजनी की घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। बीएनपी ने इस घटना की संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में जांच कराने की मांग की है। हसीना 2009 से सत्ता में हैं और उन्होंने आखिरी चुनाव दिसंबर 2019 में जीता था जिसमें जानलेवा हिंसा हुई थी और चुनाव में धांधली के आरोप लगे थे।

बीएनपी ने 2014 में भी चुनाव का बहिष्कार किया था लेकिन 2019 के चुनाव में हिस्सा लिया था जिसे पार्टी नेताओं ने एक गलती बताया था और चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया था। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ईंधन और खाद्य सामग्री के आयात के दाम बढ़ने के कारण बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था में तेजी से गिरावट आई जिससे बांग्लादेश को पिछले साल 4.7 अरब डॉलर के राहत पैकेज के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का रुख करना पड़ा था। कई लोगों को डर है कि हसीना के लगातार चौथी बार जीतने के कारण आर्थिक स्थिति और खराब होगी।

## पश्चिमी जापान में विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या हुई 126

वाजिमा (जापान), छह जनवरी (एपी) जापान के पश्चिमी तट पर पिछले सप्ताह आए भूकंप से मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 126 हो गई। वहीं भूकंप के बाद झटकों से और मकानों के ढहने व मुख्य मार्गों के अवरुद्ध होने से राहत सामग्री को भेजने में परेशानियों का खतरा भी मंडरा रहा है।

मृतकों में पांच साल का बच्चा भी शामिल है, जो सोमवार को आए 7.6 तीव्रता वाले भूकंप के दौरान उबलता पानी गिरने से झुलस गया था। भूकंप से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र इशिकावा प्रांत के अनुसार, बच्चे की हालत अचानक बिगड़ गई और शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर भूकंप के झटके लगातर आते रहे तो पहले से क्षतिग्रस्त मकान और सड़कें पूरी तरह से नष्ट हो सकते हैं। शनिवार रात और रविवार को बारिश और बर्फबारी की संभावना से यह खतरा और भी बढ़ गया है। शनिवार को मृतकों की संख्या बढ़कर 126 हो गई। वाजिमा शहर में सबसे ज्यादा लोगों की मौत दर्ज की गई। वाजिमा में 69, सुजु में 38 लोगों की मौत हुई है। वहीं 500 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिसमें कम से कम 27 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

# भगवान राम के लिए स्वर्ण पादुकाएं लेकर हैदराबाद का एक श्रद्धालु अयोध्या की पदयात्रा पर निकला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हैदराबाद/भाषा। भगवान राम के प्रति अटूट श्रद्धा और अपने 'कारसेवक' पिता के सपने को पूरा करने की इच्छा के साथ शहर से 64 वर्षीय एक व्यक्ति ने सोने की परत वाली पादुकाएं भेंट करने के लिए हैदराबाद से अयोध्या के लिए हजारों किलोमीटर की पदयात्रा शुरू कर दी है, जहां 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां चल रही हैं। चल्ला श्रीनिवास शास्त्री अयोध्या-रामेश्वरम मार्ग से यात्रा कर रहे हैं, जिसे भगवान राम ने 'वनवास' के दौरान अपनाया था। उन्होंने कहा कि वह रास्ते में भगवान द्वारा स्थापित सभी शिवलिंगों के दर्शन करते हुए उल्टे क्रम में यात्रा करना चाहते थे और 20 जुलाई को अपनी यात्रा शुरू की थी। शास्त्री पहले ही ओडिशा में पुरी, महाराष्ट्र में त्र्यंबक और गुजरात में द्वारका जैसे कई स्थानों के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने सिर पर जूते लेकर लगभग 8,000 किमी की दूरी पैदल तय करेंगे, जिसे वह पवित्र शहर पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप देंगे।

शास्त्री ने कहा कि वह आयकर विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. रामअवतार द्वारा तैयार किए गए मानचित्र का अनुसरण कर रहे हैं, जिन्होंने उस मार्ग पर 15 वर्षों तक शोध किया है जिसका अनुसरण भगवान राम ने वनवास के दौरान किया था। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, मेरे पिता ने अयोध्या में कारसेवा में भाग लिया था। वह भगवान हनुमान के बहुत बड़े भक्त थे। उनकी इच्छा अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण देखने की थी। अब वह नहीं रहे, इसलिए मैंने उनकी इच्छा पूरी करने का निर्णय किया।

शास्त्री ने कहा कि 2019 में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राम मंदिर में अपने योगदान के तहत उन्होंने अब तक चांदी की पांच ईंट दान की हैं। उन्होंने कहा, मैं वर्तमान में भगवान श्रीराम के लिए 'पंच धातु' से निर्मित सोने की परत वाली 'पादुकालु' ले जा रहा हूं। उनके दो सप्ताह से भी कम समय में गंतव्य तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, शास्त्री को कुछ समय के लिए अपनी पदयात्रा रोकनी पड़ी क्योंकि उन्हें बीच में ब्रिटेन जाना पड़ा और बाद में उन्होंने तमिलनाडु में जहां वे रुके थे, वहां से अपनी पदयात्रा फिर से शुरू की। शास्त्री ने कहा कि पांच अन्य लोगों के साथ, वह वर्तमान में उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में हैं और अयोध्या से लगभग 272 किलोमीटर दूर हैं।

# 'रेड-2' में नजर आएंगे अजय देवगन, पोस्टर के जरिये दी रिलीज डेट की जानकारी

मुंबई/एजेन्सी



लेखक निर्देशक राजकुमार गुप्ता की पिछली फिल्म रेड दर्शकों को बहुत पसन्द आई थी। सत्य घटना पर आधारित इस फिल्म ने दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया था। अब एक बार फिर से राजकुमार गुप्ता दर्शकों के सामने रेड को लेकर आ रहे हैं। ऐसा लगता है राजकुमार गुप्ता ने इसे अब फ्रेंचाइजी में बदल दिया है। इस बार फिल्म का शीर्षक रेड-2 रखा गया है। फिल्म में अजय देवगन एक बार फिर से अमय पटनायक के रूप में भ्रष्टाचारियों के घर रेड डालने के लिए तैयार हैं। जी हां, फिल्म के निर्माताओं ने 'रेड' के सीक्वल का एलान करते हुए पोस्टर साझा किया है। 2018 की ब्लॉकबस्टर 'रेड' की जबरदस्त सफलता के बाद अजय देवगन 'रेड 2' के लिए निर्देशक राजकुमार गुप्ता के साथ फिर से जुड़े हैं। आयकर विभाग के गुमनाम नायकों का जश्न मनाते हुए फिल्म की अगली कड़ी फिर से मेकर्स एक सच्चा मामला बताने के लिए तैयार हैं।

अजय देवगन की 'रेड' का सीक्वल आने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म की शूटिंग आज छह जनवरी से मुंबई में शुरू हो गई है और इसे बड़े पैमाने पर मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में शूट किया जाएगा। 'रेड 2' का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने अपने बैनर टी-सीरीज और पैनोरमा स्टूडियो के तहत किया है।

प्रदर्शनी


हैदराबाद में शनिवार को हैदराबाद में 'डायमंड पोल्की ज्वेलरी प्रदर्शनी' के भव्य लॉन्च पर जेकेजे ज्वैलर्स के जतिन मोसुन, राहुल मोसुन और दीपिका मोसुन के साथ अभिनेत्री तेजस्वी मदिवाड़ा।

# अनन्या पांडे ने अपना हॉलिडे एल्बम किया जारी

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस अनन्या पांडे, जो नए साल का जश्न मनाने के लिए यूके में थीं, ने शुक्रवार को अपना हॉलिडे एल्बम जारी किया। अनन्या अपने कथित बॉयफ्रेंड आदित्य रॉय कपूर के साथ छुट्टियां मनाने गई थीं। एक वायरल तस्वीर में दोनों यूके में आइस स्केटिंग का आनंद लेते दिख रहे हैं। अनन्या ने अपने हॉलिडे एल्बम में आदित्य की फोटो शेयर नहीं की। एक तस्वीर में अनन्या ने लंदन की झीलों और पक्षियों की फोटो शेयर की हैं। दूसरे स्नैप में अनन्या को लंदन के फूड्स का आनंद लेते हुए दिखाया गया है। इसमें खूबसूरती से सजाए गए क्रिसमस ट्री, दिल के शेप की चॉकलेट की भी झलक है। एक तस्वीर में 25 वर्षीय अभिनेत्री को आइस-स्केटिंग का आनंद लेते हुए भी दिखाया गया है।

पोस्ट पर लंदन का जियोटैग दिया गया और कैप्शन में लिखा, ''मुझे पता है कि मुझे थोड़ी देर हो गई है, लेकिन जैसा कि अहाना ने 'खो गए हम कहां' के अंत में कहा था, यह रीबूट का समय है और हर साल कुछ संकल्प लेकर हम खुद को बदलने की कोशिश करते हैं, लेकिन इस साल मुझे उम्मीद है कि आप पूरी तरह से अपने जैसे हो सकते हैं।''

अनन्या हाल ही में रिलीज हुए ड्रामा 'खो गए हम कहां' में अहाना के अपने किरदार का जिक्र कर रही थीं। अर्जुन वरैन सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव भी हैं।

फिल्म तीन दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। फैंस ने कमेंट में पूछा, तो, कैमरा मैन आदित्य हैं? एक्ट्रेस की अगली फिल्म 'कंट्रोल' और सी. शंकरन नायर की अनकही कहानी है।

# 'थंडेल' का टीजर जारी, साई पल्लवी का दमदार किरदार

मुंबई/एजेन्सी



नागा चैतन्य बीते लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'थंडेल' को लेकर सुर्खियों में हैं। अब इसके निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। कुछ ही समय पहले फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हुआ, जिस पर लोगों ने दिल खोलकर प्यार लुटाया। वहीं, अब इसका टीजर भी जारी कर दिया गया है। टीजर में अभिनेता को एक मछुआरे के रूप में पेश किया गया है। यह लुक फैंस को उत्साहित कर रहा है। साथ ही नागा चैतन्य ने श्रीकाकुलम स्लैंग का भी सही इस्तेमाल किया है। टीजर को देखकर साफ हो रहा है कि नागा चैतन्य भारत के जलक्षेत्र को पार करके पाकिस्तान में पहुंच जाते हैं, जिसके लिए उन्हें पाकिस्तान सरकार द्वारा हिरासत में ले लिया जाता है। नागा चैतन्य अंततः कराची जेल में हैं, लेकिन इससे उनके आत्मविश्वास पर कोई असर नहीं पड़ता है। जब पाकिस्तानी अधिकारी भारत के बारे में गलत बातें करते हैं तो नागा चैतन्य कहते हैं कि पाकिस्तान तो भारत से अलग हुआ एक छोटा सा टुकड़ा है। इस झलक में नागा चैतन्य का भारत माता की जय कहना पूरी तरह से रोंगटे खड़े कर देने क्षण है। साई पल्लवी को अंत में दिखाया गया है, जो नागा चैतन्य की वापसी का बेसब्री से इंतजार करती हैं। निर्माताओं ने जबरदस्त दृश्यों, शानदार बैकग्राउंड और ठोस डायलॉग के साथ फिल्म के विषय को मनोरम तरीके से प्रस्तुत किया। झलक से ऐसा प्रतीत होता है कि चंदू मोंडेती के निर्देशन में बनी यह फिल्म चैतन्य के करियर की एक ऐतिहासिक फिल्म होने वाली है। फिल्म का निर्माण बनी वास द्वारा किया जा रहा है। 'थंडेल' चैतन्य और साई पल्लवी के बीच उनकी 2021 की सफल रिलीज 'लव स्टोरी' के बाद दूसरे सहयोग का प्रतीक है। फिल्म का निर्माण गीता आर्ट्स के तहत बनी वास द्वारा किया गया है, जिसमें संगीत राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता देवी श्री प्रसाद ने दिया है। शामदत ने सिनेमैटोग्राफी संभाला है, जबकि नवीन नूली फिल्म के संपादन की देखरेख कर रहे हैं। निर्माताओं ने 'थंडेल' की रिलीज डेट अभी तय नहीं की है।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

यहां बसवनगुड़ी में श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में गच्छ गणिनी साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी म. सा. एवं गच्छ गणिनी साध्वीश्री सूर्यप्रभाश्रीजी म. सा. की निश्रा में परमात्मा पार्श्वनाथ जन्म और दीक्षा कल्याणक के उपलक्ष्य में शक्रस्तव महापूजन का आयोजन किया गया।




# तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक पर जाप अनुष्ठान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जयगच्छीय जैन सन्त डॉ. पदमचन्द्र महाराज की शिष्याएँ जयगच्छीय समणी डॉ. सुयशनिधिजी एवं श्री सुयोगनिधिजी के पावन सान्निध्य में जेपीपी अहिंसा रिसर्च फाउण्डेशन के तत्वावधान में जेपीपी जैन समणी सेन्टर के विशाल प्रांगण में पार्श्वनाथ तीर्थंकर के जन्म कल्याणक के अवसर पर जाप अनुष्ठान रखा गया। जिसमें सैकडों श्रद्धालु भक्तगणों ने डॉ. समणी सुयशनिधि के मुखारविन्द से पार्श्वनाथ भगवान के अनेक स्तोत्र, छन्द, स्तुति आदि ध्यान साधना करते हुए श्रवण किया। तत्पश्चात् मंत्र का भाष्य जाप एवं मानस जाप साधना भी करवाई गई। उपस्थित सभी ने अपार आनन्द का अनुभव किया।

डॉ. समणी ने कहा कि जैनों में आज भी भगवान पार्श्वनाथ के प्रति जो आस्था देखी जाती है वह सबसे अधिक है। सिद्धांतानुसार यह माना जाता है कि सभी तीर्थंकर समान हैं, फिर भी जिस तीर्थंकर का शासन होता है, उसकी उस काल में विशेष प्रतिष्ठा रहती है। परन्तु सभी तीर्थंकरों का तीर्थंकर नाम कर्म समान नहीं होता। किसी का विशिष्ट होने के कारण वह तीर्थंकर विशेष रूप से पूजा और प्रतिष्ठा पाते हैं। कहा जाता है कि पार्श्वनाथ भगवान का तीर्थंकर नाम कर्म अन्य तीर्थंकरों की अपेक्षा विशिष्ट था और इसलिए उनकी पूजा और प्रतिष्ठा अधिक है। डॉ समणी ने कार्यक्रम के अन्त में यह भी कहा कि भगवान पार्श्वनाथ का जैन परम्परा में जो महत्वपूर्ण स्थान है जिसमें प्रमुख कारण उन्हें विघ्न विनाशक भी माना गया है। उनकी स्तुति से सभी प्रकार के उपसर्ग, दुःख, रोग, शोक, भय आदि से दूर हो सकते हैं। साधक चिंताओं से मुक्त हो सकता है। सभी स्तोत्र, स्तुति, छन्द श्रवण कर, मंत्र जाप कर भाव विभोर हो गए मानो प्रभु पार्श्वनाथ का समवसरण समक्ष उपस्थित हो गया हो। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों के रूप में कैलाशचंद बोहरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, महेंद्र कुमार मेहता, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अ. भा. श्वे. स्था. जयमल जैन श्रावक संघ उपस्थित रहे। साथ ही शांतिलाल खींवसरा, महावीरचंद चोरडिया, रोशनलाल नाहर, रमेश सियाल, सुरेश बागरेचा, गणपतमल गुगलिया, रमेश गुगलिया, सुवालाल दक, विकास आछा, पुनीत भंसाली, दीपक बोहरा, पिस्ताबाई बोहरा, सुनीता गोटावत, सरला चोरडिया, पायल संघवी आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों कर सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाशचंद जैन ने अपने भाव प्रस्तुत किए करते हुए आचार्य पार्श्वचंद्र महाराज एवं पदमचंद्र महाराज द्वारा प्रारंभ की गई समणी प्रणाली की भूरी-भूरी प्रशंसा की। शांतिलाल खिंवसरा ने भी कार्यक्रम की सफलता को सराहा। संपूर्ण कार्यक्रम जेपीपी अहिंसा रिसर्च फाउंडेशन, बेंगलूरु की ओर से आयोजित किया गया।

# राजाजीनगर में हुआ रक्तदान शिविर




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर के तत्वाधान में राउंड ईयर ह्यूमैनिटी थीम रक्तदान 2024 ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन राजाजीनगर के प्रथम ब्लॉक स्थित रिहामो ऑफिस के पास रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर की शुरुआत सामूहिक नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से की गई।

शिविर में रक्तदान हेतु पधारे स्थानीय लोगों ने मानव सेवा के क्षेत्र में रक्तदान शिविरों का आयोजन करना बहुत ही उपयोगी है और इस क्रम की खूब-खूब सराहना करते हुए तेयुप सदस्यों की खूब प्रशंसा की। ब्लड बैंक के सहयोग से कुल 10 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। ब्लड बैंक ने परिषद परिवार को सम्मानित करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। तेयुप राजाजीनगर अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

शिविर को सुव्यवस्थित आयोजन करने में एमबीडीडी प्रभारी सुनील मेहता, संयोजक विनोद कोठारी एवं राजेश देरासरिया, कमलेश चौरड़िया, जयंतीलाल गांधी, अरिहंत गन्ना, हर्ष बरलोटा की उपस्थिति रही।



# परमात्मा पार्श्वनाथ जन्म दीक्षा कल्याणक महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां बसवनगुड़ी में श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में गच्छ गणिनी साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी म. सा. एवं गच्छ गणिनी साध्वीश्री सूर्यप्रभाश्रीजी म. सा. की निश्रा में परमात्मा पार्श्वनाथ जन्म और दीक्षा कल्याणक के उपलक्ष्य में शक्रस्तव महापूजन का आयोजन किया गया। पार्श्व प्रभु के 2900 वें जन्म कल्याणक के अवसर पर रोहित गुरुजी द्वारा परमात्मा के अति विशिष्ट दो सौ तिहोत्तर विशेषणों के साथ पढ़ाए गए शक्रस्तव महापूजन में अनेक श्रद्धालुओं ने परमात्मा का विविध विशेष औषधियों से अभिषेक किया और परमात्मा पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया। साध्वीश्री सूर्यप्रभाश्री जी चैन्नई चातुर्मास सम्पन्न होने के पश्चात विहार करके दादावाड़ी पधारे। दादावाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्भयलाल गुलेच्छा, महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा ने जन्म कल्याणक की शुभकामनाएं प्रदान की। साध्वीश्री ने कहा कि परमात्मा के कल्याणक हमारी आत्मा का कल्याण करने हेतु मनाने चाहिए, परमात्मा की असीम कृपा और करूणा से ही हम बड़ी से बड़ी मुश्किलों से भी पार हो जाते हैं। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रनजीत ललवानी ने बताया कि कल्याणक के उपलक्ष्य में दादावाड़ी ट्रस्ट की ओर सभी को मिठाई वितरित की गई। महापूजन के पश्चात आरती शांतिदेवी चुन्नीलाल गुलेच्छा परिवार द्वारा और मंगल दीपक पन्नालाल गौतमचन्द कवाड परिवार द्वारा किया गया। संघ के ललित डाकलिया ने बताया कि परमात्मा का जन्म होते ही उत्सव मनाने हेतु शक्रेन्द्र अपने पांच रुप बनाकर बाल परमात्मा को मेरु शिखर पर ले जाकर अभिषेक करते हैं और प्रभु की स्तवना करते हैं। महापूजन में पुष्पा चौपड़ा, पवनी बाफना आदि महिला सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ। परमात्मा पार्श्वनाथ जन्म दीक्षा कल्याणक निमित्त अट्ठम, उपवास, आयम्बिल, एकासना आदि अनेकों तपस्याएं हुई। खरतर गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिन मणिप्रभ सुरीश्वर जी महाराजा के शिष्य मलयप्रभ सागर जी म. सा चैन्नई से विहार करने के पश्चात रविवार को दादावाड़ी पधारेंगे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कुमार रांका, चुन्नीलाल गुलेच्छा के साथ दादावाड़ी ट्रस्ट से जुड़ी समस्त संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।



# चिन्मय इंस्टीट्यूट फाउंडेशन का दूसरा वार्षिकोत्सव मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। चिन्मय इंस्टिट्यूट फाउंडेशन द्वारा रामोहल्ली स्थित एलएन कल्याण मंडप में दूसरा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। मंडप में माताश्री रेणुका यल्लम्मा देवी की झांकी सजाई गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने देवी मां के दर्शन कर पूजा अर्चना कर सामूहिक श्लोक उच्चारण किए, जिससे वातावरण भक्ति मय हो गया। उसके पश्चात 'रघुपति राघव राजा राम..' भजन प्रस्तुति कर श्रद्धालुओं में राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत को वितरण किया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम बड़े ही सौभाग्यशाली हैं जो हमारे जीवन काल में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या में भव्य दिव्य एवं विशाल राम मंदिर का निर्माण हो रहा है जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को है और पूरा देश इसका उत्सव मना रहा है। फाउंडेशन की संस्थापिका दीपा एवं हेमंत कुमार ने मुणोत को सम्मानित किया।



# आदर्श कॉलेज में इंटरकॉलेजिएट बेस्ट फिजिक्स प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां के एसआरएन आदर्श कॉलेज में बेंगलूरु सिटी यूनिवर्सिटी द्वारा इंटरकॉलेजिएट बेस्ट फिजिक्स प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन किया गया। जो कि छात्र समुदाय के बीच फिटनेस ताकत और समर्पण को प्रदर्शित करती है। उद्घाटन समारोह में आदर्श ग्रुप और समूह के अध्यक्ष पदमराज मेहता व सेक्रेटरी जितेंद्र मडरिया ने सभी को कार्यक्रम की सफलता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके पश्चात कॉलेज के प्राचार्य डॉ एस प्रशांत, अकादमिक डीन मनोज जैन ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। वंदे मातरम और नवकार मंत्र द्वारा कार्यक्रम का विधिवत आरंभ किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीनिवास स्वामी एसपी अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डर के एबीबीए के संयुक्त सचिव एबीपी एफ के राष्ट्रीय रेफरी और गेट फिट एशिया बैंकॉक 2009-10 अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि कर्नाटक ध्वज अमेरिका और अमेरिका फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव और बेंगलूरु सिटी यूनिवर्सिटी के शारीरिक शिक्षा विभाग के स्टाफ सदस्य मोहम्मद सिबागाथुल्ला थे। उनके साथ कार्यक्रम के अन्य जज के वेंकटेश नेशनल बॉडी बिल्डर नेशनल जज एबीपीएफ, पदाधिकारी केएबीबीए और राजेश राव के नेशनल जज केएबीबीए के पदाधिकारी थे। एसआरएन आदर्श कॉलेज के शारीरिक शिक्षा निदेशक श्रीनिवास की मार्गदर्शन में प्रतियोगिता ने महाविद्यालय परिसर को एथलेटिसिजम और सौंदर्य के जीवन क्षेत्र के रूप में परिवर्तित कर दिया।

बेंगलूरु सिटी यूनिवर्सिटी के संबंध विभिन्न कालेज के प्रतिभागियों के एक विधिक समूह ने फिटनेस के प्रति अपना समर्पण दिखाए प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की शारीरिक विशेषताओं का व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न श्रेणियां को शामिल किया गया। 6065, 7075, 8085, 90 और उससे भी अधिक वजन की श्रेणियां यहां पर रखी गई। प्रतियोगिता विजेताओं की घोषणा के साथ संपन्न हुई जिसमें से प्रत्येक को न केवल उनकी शारीरिक उपलब्धियां के लिए बल्कि संतुलित और स्वस्थ जीवन जीने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में आरजेएस इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट स्टडी के मोहम्मद जुबेर ने 'मिस्टर 2023-24 बेंगलूरु सिटी यूनिवर्सिटी' का खिताब जीता।

आचार्य इंस्टिट्यूट ऑफ़ ग्रेजुएट स्टडी स्टडीज के धनुष एन और जिन्होंने बेस्ट पोजर 2023-24 का तथा रमैया कॉलेज ऑफ़ आर्ट्स एंड साइंस एंड कॉमर्स के आशीथ जयंत राज जिन्होंने 'मोस्ट मस्कुलर 2023-24' का खिताब जीता।



# तुलसी क्लब-ए ने आरएमएम कप-2024 किया अपने नाम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 6 जनवरी को राजस्थानी मित्र मंडल द्वारा आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट कप के आखिरी दिन खेले गए फाइनल मुकाबला तुलसी क्लब-ए यशवंतपुर और संजयनगर स्पोर्ट्स क्लब के बीच हुआ। जिसमें तुलसी क्लब-ए ने 2-0 से आरएमएम 2024 कप अपने नाम करते हुए विजयी रहे। उपविजेता संजयनगर रहा वहीं तीसरे स्थान पर बेंगलूरु स्पोर्ट्स क्लब नायडहल्ली रही।

खेल के पश्चात राजस्थानी मित्र मंडल 2024 वॉलबॉल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मैन ऑफ द मैच नवीन कटारिया को, मैन ऑफ द सीरीज मनोहरलाल कोठारी को, बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड संजय दक को मिला। आज के कार्यक्रम में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए विजयनगर क्षेत्र के विधायक एम कृष्णाप्पा खेल मैदान में पहुंच कर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए खेल को खेल भावना की तरह खेलते रहे ऐसी शुभकामना प्रेषित की। उनके साथ उनके सहयोगी श्रीनिवास, उमेश, बीबीएमपी के हेमंत, विजयनगर पुलिस थाने के एएसपी शिवन्ना ने भी पहुंच कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

मुख्य प्रायोजक गौ भक्त महेंद्र मुणोत ने विजेता टीम को मोमेंटो प्रदान कर अपनी भावना को निम्न वक्तव्य से प्रेषित कि देश के प्रति सम्मान देना हर व्यक्ति का दायित्व है। आज सबको जागना है। बेंगलूरु समाज के अनेक गणमान्य इस मौके पर उपस्थित थे।

राजस्थानी मित्र मंडल के अध्यक्ष नेमीचंद दलाल मंत्री राजेश चावत एवं समस्त पदाधिकारीगण कार्यसमिति सदस्यगणों की उपस्थिति रही। टूर्नामेंट आयोजक समिति के निम्न व्यवस्थापकों का सहयोग प्राप्त हुआ खेल चेयरमैन सुरेश मांडोत मनीष देरासरिया जयंतीलाल बोहरा, भोजन समिति से महावीर टेबा गौतम मूणोत, कैलाश गांधी, ग्राउंड समिति में अशोक मारू एवं प्रचार प्रसार मीडिया प्रभारी लाभेश कांसवा का विशेष रूप से सहयोग मिला। आभार ज्ञापन राजस्थानी मित्र मंडल के मंत्री राजेश चावत ने किया।



# मंत्री गुंडूराव ने सिद्धारूढ़ मठ में दर्शन किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। यहां पहुंचे राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडूराव ने श्री सिद्धारुढ़ मठ ट्रस्ट कमिटी के पूर्व चैयरमेन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेन्द्र सिंघी के निवास स्थान का दौरा किया।

इस दौरान विधायक प्रसाद अब्बेया, हुब्बल्ली ग्रामीण अध्यक्ष अनिलकुमार पाटिल, शहर अध्यक्ष अल्ताफ हलूर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एफ एच जक्कापन्वार, अनवर मुधोल, सदानंद डंगनावर, राजा देसाई, शरणप्पा कोटगी, सहित अन्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर सिंघी परिवार के महेन्द्र सिंघी, संस्कार स्कूल के कार्यदर्शी सुधीर वोरा, कोषाध्यक्ष उज्वल सिंघी, शारदा सिंघी, स्नेहा सिंघी सहित अन्य ने मंत्री गुंडूराव का सम्मान किया।



# मुमुक्षु कांतादेवी का हुआ सम्मान

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। यहां श्री ब्यावर संघ युवा शाखा बेंगलूरु के द्वारा मुमुक्षु कांता देवी जैन का तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। युवा शाखा के अध्यक्ष ललित डाकलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हम अडतालीस मिनट की एक सामायिक करने से ही मन को स्थिर नहीं रख पाते हैं लेकिन मुमुक्षु आजीवन सामायिक ग्रहण करने जा रही है। ब्यावर शहर में जन्मी पली बढ़ी सज्जनसिंह प्रेमलता खटोड़ परिवार की 65 वर्षीय कांता देवी मुमुक्षु की भागवती दीक्षा शत्रुंजय महातीर्थ में 19 फरवरी को सुलक्षणा श्री जी म. सा. की निश्रा में आयोजित होगी।

इस अवसर पर ब्यावर संघ के उपाध्यक्ष पदमचंद बोहरा, सलाहकार अरविन्द खिंवसरा, दिनेश लोढ़ा के साथ उपाध्यक्ष विकास खटोड़, मंत्री कुलदीप छाजेड़, कोषाध्यक्ष नमित कोठारी, सह कोषाध्यक्ष भरत कोठारी, अरिहंत छाजेड़, हेमन्त गुलेच्छा, कुनाल मरलेचा, नितेश बोहरा, रुपचंद कुमट, महिपाल मुणोत, अंजन मेहता, विनय खटोड, विवेक खटोड़ आदि सदस्य उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**मुलाकात**

बेंगलूरु राजभवन में राज्यपाल थावर चन्द गहलोत से श्री राजा म. सा. व श्रमण पदमसागरजी म. सा. ने शिष्टाचार मुलाकात की। गुरुदेव के संग संघ के सदस्यगण भी उपस्थित थे। धर्म चर्चा के साथ गहलोत ने भारतीय संस्कृति में संतों के विशेष महत्व के बारे में चर्चा की। इस मौके पर संघ द्वारा दीक्षार्थी सुमति की प्रस्तावित दीक्षा समारोह में आने के लिए आमंत्रण दिया गया। साथ ही संघ के सदस्यों ने राज्यपाल का शॉल ओढाकर एवं माला पहनाकर सम्मान किया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक
www.dakshinbharat.com



# कटारिया फाउंडेशन टीम क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए सूरत रवाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक कटारिया फ़ाउंडेशन की टीम आल इंडिया कटारिया फ़ाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये सूरत रवाना हुई। फ़ाउंडेशन के अध्यक्ष मिश्रीमल कटारिया ने टीम खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि खेल से न केवल शारीरिक फिटनेस रहती है अपितु आज की इस तनावपूर्ण जिंदगी में मानसिक शांति मिलती है। महावीर कटारिया के नेतृत्व वाली क्रिकेट टीम ने प्रशिक्षक के सान्निध्य में कड़ा प्रशिक्षण लिया।

टीम के प्रायोजक मैन्स एवेन्यू के भंवरलाल राजेश विमल कटारिया ने खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलते हुए प्रतियोगिता जीतने की प्रेरणा दी।

कर्नाटक कटारिया फ़ाउंडेशन के मीडिया प्रभारी कांतिलाल कटारिया के अनुसार इस राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अलग-अलग राज्यों में बसे कटारिया भाईपा के युवा खिलाड़ी भाग ले रहे है। उन्होंने बताया कि कटारिया भाईपा में छुपीं खेल प्रतिभा को कौशल दिखाने का अवसर प्रदान करने व युवाओं में आपसी नेटवर्क बढ़ाने के उद्धेश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। फ़ाउंडेशन के उपाध्यक्ष कांतिलाल, मंत्री पंकजकुमार, कोषाध्यक्ष सुरेशकुमार, सहमंत्री महेंद्र कुमार, निर्मलकुमार, देवराज, सुनीलकुमार, महेंद्र कटारिया आदि ने उपस्थित होकर टीम को शुभकामनायें दी।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com